E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
6 अक्टूबर, 2026
मंगलवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 83 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) — सोच नई, राजस्थान के लिए — मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को निलंबित करने की याचिका पर सुनवाई

चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो फैसले रोक देंगे : सुप्रीम कोर्ट

सीजेआई सूर्यकांत बोले- फॉर्म 6 में बदलाव की मंजूरी नहीं

- शीर्ष अदालत ने आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा
- ज्ञानेश पर दो अन्य चुनाव आयुक्तों की बिना सहमति के एसआईआर से जुड़े 14 फैसले लेने का आरोप
- आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिएं
- हम रिकॉर्ड जांचने के बाद ही नतीजे पर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। अदालत ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- फॉर्म -6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। जबकि, 9 दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि एसआईआर के लिए फॉर्म -6 के साथ लगाए गए डिक्लेरेशन को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है।

अखबार की खबर के आधार पर आदेश नहीं दे सकते : सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई खबर 100% सही, आंशिक रूप से सही या गलत हो सकती है। इसलिए सिर्फ मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सीईसी को सस्पेंड करने का अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता। पहले चुनाव आयोग का जवाब और रिकॉर्ड देखना होगा।

तीन सदस्यीय आयोग में एक का फैसला सही नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। यानी तीन सदस्यीय आयोग में किसी एक सदस्य का अकेले फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता।

रिकॉर्ड से एकतरफा फैसला साबित हुआ तो कार्रवाई संभव

सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि अगर रिकॉर्ड से पता चलता है कि कोई फैसला जरूरी प्रक्रिया के बिना लिया गया था, तो उस पर रोक लगाने पर विचार किया जा सकता है।

फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया : आयोग

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ा आदेश जारी करते समय उसके साथ एक घोषणापत्र संलग्न किया गया था, जिसे शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा था। फॉर्म-6 के जरिये कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन करता है। निर्वाचन आयोग की ओर से 26 सितंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बिहार में 24 जून 2025 को एसआईआर संबंधी आदेश जारी करते समय फॉर्म-6 के साथ एक घोषणापत्र संलग्न किया गया था, जिसे शीर्ष अदालत ने 27 मई के आदेश में बरकरार रखा था।

मीडिया रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ ज्ञानेश कुमार पर विवाद

इस पूरे मामले की शुरुआत इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट से हुई थी, जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच मतभेदों का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने चुनाव पैनल के भीतर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बार-बार चिंता जताई थी।

दुष्कर्म के अपराधियों में मौत का डर पैदा करना जरूरी

शीर्ष कोर्ट ने कहा, नहीं तो ऐसे अपराध रोकना मुश्किल हो जाएगा

अदालत ने 3 घटनाओं पर खुद नोटिस लिया कहा, सख्त होना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा, "जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं। बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में दुष्कर्म की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में पहली सुनवाई 28 सितंबर को हुई थी।

48 दिनों में 3 घटनाएं

4 अगस्त: दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से चलती बस में गैंगरेप। पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक से बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे।

12 सितंबर: स्वरूप नगर में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप-हत्या। अगले दिन खेत के पास खुले मैदान में शव मिला। चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं।

21 सितंबर: दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 17 साल की नाबालिग अपने दोस्त के साथ बैठी थी। तीन युवकों ने फर्जी पुलिस वाले बनकर छात्रा से रेप किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जवाबदेही तय होनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में कहा था कि सार्वजनिक जगहों को खराब रोशनी, निगरानी की कमी और पेट्रोलिंग की कमी जैसी वजहों से 'हाई रिस्क जोन' नहीं बनने दिया जा सकता। सिर्फ संवेदना जताना समाधान नहीं है, बल्कि अपराध रोकने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

नाइजीरिया में 32 लोगों को ले जा रहा मिलिट्री-प्लेन क्रैश

25 यात्री और 7 क्रू सवार थे; नदी के पास गिरा, सर्च ऑपरेशन जारी

अबूजा। नाइजीरिया के दक्षिणी हिस्से में सोमवार को 32 लोगों को लेकर जा रहा सैन्य प्लेन क्रैश हो गया। प्लेन में 25 यात्री और 7 क्रू मेंबर सवार थे। हादसा ओंडो राज्य के नदी किनारे बसे इग्बोकोंडा शहर में हुआ। हादसे में कितने लोग हताहत हुए, इसकी तत्काल जानकारी नहीं मिली है। नाइजीरिया के एविएशन मिनिस्टर फेस्टस कीयामो ने बताया कि प्लेन एक नियमित मिशन पर देश के आर्थिक केंद्र लागोस जा रहा था। स्थानीय समय के मुताबिक सुबह करीब 9 बजे प्लेन रडार से गायब हो गया। बाद में पता चला कि यह नौसैनिक बेस के पास क्रैश हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्लेन नदी के पास गिरा और उसका कुछ हिस्सा पानी में डूब रहा था। प्रत्यक्षदर्शी अकिनबुलेजो पियस ने कहा कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी, जो उन्हें बिजली गिरने जैसी लगी। इसके बाद उन्होंने प्लेन को पेड़ों के ऊपर से गुजरते और नीचे गिरते देखा। मौके पर शरीर के कुछ हिस्से, कपड़े और जूते भी मिले।

दिल्ली के एसीपी विवेक भगत को एडिशनल DCP चार्ज देने पर रोक

महिला पत्रकार से बदसलूकी का आरोप, जांच होने तक पद नहीं संभालेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने ACP विवेक भगत को एडिशनल DCP का चार्ज देने पर रोक लगा दी है। भगत पर 3 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ FIR की मांग को लेकर पिछले 3 दिन से पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर प्रदर्शन जारी है।

सरकार के मुताबिक, केंद्र शासित प्रदेशों के 12 अधिकारियों को एडिशनल DCP का करेंट ड्यूटी चार्ज यानी CDC देने की प्रक्रिया 25 अगस्त को शुरू हुई थी, यानी मौजूदा विवाद से पहले। 5 अक्टूबर को मंजूरी के बाद आदेश जारी हुआ था। दिल्ली सरकार के मुताबिक, विवेक भगत ने खुद कहा कि वे महिला पत्रकारों के कथित उत्पीड़न की पूरी जांच होने तक वह अतिरिक्त DCP का चार्ज नहीं लेना चाहते। इसके बाद पहले जारी आदेश में बदलाव किया गया। बाकी 11 अधिकारियों के लिए CDC का आदेश दोबारा जारी होगा।

बीफ न्यूज

ब्राजील: राष्ट्रपति लूला हार सकते हैं चुनाव

ब्रासीलिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा चुनाव हार सकते हैं। 4 अक्टूबर को ब्राजील में पहले दौर की वोटिंग हुई। इसमें राष्ट्रपति लूला, पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे से पिछड़ गए। किसी भी उम्मीदवार को 50% से ज्यादा वोट नहीं मिले, इसलिए अब ब्राजील में 25 अक्टूबर को दूसरे दौर की वोटिंग होगी। बोल्सोनारो परिवार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। 2022 का चुनाव हारने के बाद तख्तापलट की साजिश के मामले में जायर बोल्सोनारो को करीब 27 साल की जेल की सजा मिली है।

आतंकी ट्रैकिंग से बचने LoRa यूज कर रहे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आतंकी ट्रैकिंग से बचने के लिए LoRa डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे हैं। LoRa यानी लॉन्ग रेंज डिवाइस। यह कम पावर वाली रेडियो-फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन तकनीक है। इसके जरिए मैसेज, लोकेशन और अन्य डेटा भेजा जाता है। सुरक्षा एजेंसियों ने कम्युनिकेशन डिवाइस के इस्तेमाल को लेकर अलर्ट जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक, इन डिवाइस के जरिए आतंकी सामान्य मोबाइल नेटवर्क या वाई-फाई के बिना संपर्क कर सकते हैं। यह मामला 29 सितंबर के बडगाम ऑपरेशन के बाद सामने आया। जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर हाशिम मूसा मारा गया था। सूत्रों के मुताबिक, मौके से AK-47, दो मैगजीन, एक LoRa/Ultra डिवाइस हैंडसेट और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ था।

» अंदर विशेष

▪ कानून-शांति व्यवस्था के लिए निषेधाज्ञा जारी
...पढ़े पेज 2 पर

▪ अर्जुनसिंह बोचावत का बढ़ता राजनीतिक कद
...पढ़े पेज 4 पर

सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा 72,382 पर बंद हुआ

मुंबई। शेयर बाजार में आज 5 अक्टूबर को 4 कारोबारी दिनों के बाद बढ़त रही। सेंसेक्स 473 अंक चढ़कर 72,382 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 134 अंक की बढ़त रही, ये 22,556 पर बंद हुआ। बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और FMCG शेयर्स में आज ज्यादा खरीदारी रही। ओरिएंट केबल्स का शेयर BSE पर 65% ऊपर 448.10 रुपए पर लिस्ट हुआ।

संत प्रेमानंद के शिष्य सुसाइड से पहले छत पर जाते दिखे; धोती पर खून लगा था

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी शरण का सुसाइड से पहले का तीसरा वीडियो सामने आया है। इसमें रसिक दुलारी सीढ़ियों से छत पर जाते हुए दिख रहे हैं। उनके माथे पर चंदन और धोती पर खून के निशान दिखाई दे रहे हैं। 25 साल के रसिक दुलारी शरण ने 25 सितंबर की सुबह केली कुंज ट्रस्ट की बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। 26 सितंबर को यमुना किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में पुलिस केली कुंज आश्रम से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

▪ **पहला वीडियो:** रसिक दुलारी शरण के आत्महत्या का पहला वीडियो 27 सितंबर को सामने आया था। इसमें दिख रहा है कि शिष्य रसिक दुलारी शरण 40 फीट ऊंचाई से अचानक सड़क पर पैरों के बल गिरते हैं। सिर जमीन से टकराता है और फट जाता है। वह तड़पने लगते हैं। सड़क पर खून फैलने लगता है। इसी दौरान वहां से दो साइकिल सवार गुजर रहे होते हैं। इनमें से एक पीले कपड़े पहने शिष्य था। दोनों यह दृश्य देखकर सहम जाते हैं। इसके अलावा पानी की सप्लाई करने वाली गाड़ी भी उसी समय वहां पहुंचती है।

▪ **दूसरा वीडियो:** 3 अक्टूबर को सामने आए दूसरे वीडियो में दिख रहा कि रसिक दुलारी शरण छत की बाउंड्री वॉल पर बैठे हुए हैं। 6 सेकेंड बाद फर्श पर लेट जाते हैं। अचानक उठते हैं और बाउंड्री से छलांग लगा देते हैं। शोर सुनकर दूसरा शिष्य दौड़ता हुआ पहुंचता है। नीचे झांककर देखता है।

▪ **तीसरा वीडियो:** 5 अक्टूबर को सामने आए 33 सेकंड के तीसरे वीडियो में रसिक दुलारी शरण सीढ़ियों से चढ़ते हुए छत पर जाते हुए दिख रहे हैं। वह सफेद धोती और सफेद बंडी पहने हुए हैं। पीले रंग की चादर शरीर पर डाले हुए दिख रहे। उनकी धोती पर खून के निशान दिखाई दे रहे हैं। सीढ़ियों पर चढ़ते वक्त ऐसा लग रहा कि उनको चलने में थोड़ी दिक्कत हो रही। बताया जा रहा कि यह वीडियो आत्महत्या करने के पहले छत पर जाते समय का है।

पंचायत चुनाव: 3605 पंचायतों में चुनाव की डेट बदलने की तैयारी

जयपुर। राजस्थान में 3605 पंचायतों में 6 नवंबर (धनतेरस) को होने वाली वोटिंग की तारीख बदलने की तैयारी की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने धनतेरस को वोटिंग टालने के संकेत दिए हैं। हालांकि अभी फाइनल फैसला होना बाकी है। धनतेरस का पर्व बड़ा होने के कारण इस दिन वोटिंग टालने के लिए कई नेता और संगठन मांग कर रहे हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा- धनतेरस के दिन सरकारी छुट्टी नहीं है। हम लोगों ने जब चुनाव कैलेंडर बनाया तो उस समय तो इस बात को ध्यान में नहीं रखा गया। धनतेरस को बाजार में खरीदारी के बाद शाम को पूजा होती है। मतदान में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। उन्होंने कहा- मैं यह देख रहा हूं कि आम जनता में धनतेरस के दिन वोटिंग को लेकर थोड़ी प्रतिक्रिया है। जो लोगों की आस्था-श्रद्धा है, त्यौहार है, धार्मिक भावना है, उसे देखकर हम विचार कर रहे हैं और सोच रहे हैं कि इसे कैसे ठीक किया जाए।

आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा तकनीक का इस्तेमाल

जर्मनी-अमेरिका के 3 वैज्ञानिकों की रिसर्च

रोशनी को महसूस करने वाला प्रोटीन खोजने वाले तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल

स्टॉकहोम (एजेंसी)। 2026 का मेडिसिन नोबेल जर्मनी के पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल और अमेरिका के कार्ल डाइसेरोथ को दिया गया है। इन वैज्ञानिकों ने ऑप्टोजेनेटिक्स नाम की ऐसी तकनीक विकसित करने में मदद की, जिससे रोशनी की मदद से दिमाग की अलग-अलग तंत्रिका कोशिकाओं को नियंत्रित करके उनके काम को समझा जा सकता है। पहले वैज्ञानिकों के लिए यह पता लगाना मुश्किल था कि दिमाग की कौन-सी तंत्रिका कोशिका किस काम के लिए जिम्मेदार है। ऑप्टोजेनेटिक्स की मदद से अब वैज्ञानिक याददाश्त, भावनाओं और व्यवहार को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं। इससे डिप्रेशन जैसी मानसिक बीमारियों और दिमाग से जुड़ी दूसरी बीमारियों पर रिसर्च करना भी आसान हुआ है। पुरस्कार की घोषणा स्टॉकहोम के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में की गई, जिसके साथ ही नोबेल सप्ताह की शुरुआत हो गई। इस वर्ष पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 12 लाख अमेरिकी डॉलर) है।

डिप्रेशन और मानसिक बीमारियों को समझना आसान हुआ

रिसर्च का नया रास्ता खोला : नोबेल कमेटी के मुताबिक, इन तीनों वैज्ञानिकों की खोज ने दिमाग को समझने के लिए रिसर्च का एक नया रास्ता खोल दिया है। इस तकनीक का इस्तेमाल आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि इसकी मदद से दृष्टि खो चुके लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है या नहीं।

नीली रोशनी में कोशिका के अंदर जाने लगे आवेशित कण

यह खोज एक बहुत छोटे शैवाल (एल्गी) से शुरू हुई। पीटर हेगेमैन जानना चाहते थे कि क्लैमाइडोमोनास नाम का शैवाल रोशनी की तरफ कैसे मुड़ता है। रिसर्च के दौरान हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को इस शैवाल में चैनलरोडॉप्सिन नाम का एक खास प्रोटीन मिला। यह प्रोटीन रोशनी को महसूस करता था। नीली रोशनी पड़ने पर इसमें एक रास्ता खुल जाता था और कोशिका के अंदर आवेशित कण जाने लगते थे। इससे इलेक्ट्रिक सिग्नल बनने लगता था। वैज्ञानिकों ने इस प्रोटीन को दूसरी कोशिकाओं में डालकर देखा। वे कोशिकाएं भी रोशनी की तरफ मुड़ने लगीं।

राजपाल यादव को कड़ी फटकार

कल तक जमा करें पूरे 5 करोड़ वरना फिर से जेल जाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के लंबे समय से जारी कई मामलों में एक निजी कंपनी के बकाये की रकम जमा करने का अपना वादा पूरा नहीं करने पर को अभिनेता राजपाल यादव को सोमवार को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि कल तक 5 करोड़ रुपये जमा नहीं करवाए तो जेल जाना पड़ेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने 15 सितंबर को यादव को दो सप्ताह का आखिरी मौका देते हुए निजी कंपनी को बकाया रकम चुकाने के लिए ठोस प्रस्ताव देने और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दो करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि दो सप्ताह की अवधि खत्म होने के बावजूद पांच अक्टूबर तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। राजपाल के वकील ने कहा कि 50 लाख रुपये के डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी कोर्ट के सामने रखी गई है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 50 लाख रुपये? क्या यह असली भी है?

राजस्थान में पारा 41 डिग्री सेल्सियस, मध्यप्रदेश में 7 अक्टूबर से बारिश का अनुमान

लखनऊ में 40 हजार घरों में पानी घुसा: बिहार के कई गांवों में बाढ़

एजेंसी • नई दिल्ली

उत्तरप्रदेश

उत्तर प्रदेश में 9 दिनों से बारिश नहीं हुई, लेकिन बांधों से छोड़े गए पानी के कारण 11 जिलों में 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। लखनऊ के 40 हजार घरों में गोमती नदी का पानी घुस गया। 10 हजार लोग सुरक्षित जगहों पर चले गए हैं। गलियों में नाव चल रही हैं। गोमती रिवर फ्रंट को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

बिहार में 6 जिलों के करीब 466 गांवों में बाढ़ हैं। करीब 8 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। 92,730 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण में सबसे ज्यादा 3.55 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और 44 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मध्य प्रदेश में मानसून की विदाई के बाद दिन में गर्मी और रात में ठंड बढ़ गई है। पिछले 3 दिनों में रात का तापमान 4°C तक गिरा है। अमरकंटक में तापमान 16°C और इंदौर में 18°C पहुंच गया। मौसम विभाग ने 7 से 9 अक्टूबर के बीच 14 शहरों में बारिश का अनुमान जताया है। राजस्थान में भी मानसून की विदाई के बाद गर्मी बढ़ गई है। रविवार को पिलानी में तापमान 41°C दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में दिन के समय तेज गर्मी रही।

रूस में अज्ञात वायरस से लैब कर्मचारी की मौत

200 लोग क्वॉरेंटाइन, प्लेग रिसर्च लैब में वायरस सैंपल वाली टेस्ट ट्यूब टूटी थी

मास्को। रूस में 28 साल की महिला कर्मचारी की मौत के बाद उसके संपर्क में आए करीब 200 लोगों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। महिला साइबेरिया के एक एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट में काम करती थी। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, 25 सितंबर को लैब में काम करते समय उससे जीवित जैविक नमूनों वाली एक टेस्ट ट्यूब टूट गई थी।

29 सितंबर को तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के दौरान 1 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई। टेस्ट ट्यूब में किस तरह का जैविक नमूना था, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। कुछ स्थानीय रिपोर्टों में इसे प्लेग से जुड़े नमूने से जोड़ा गया है, लेकिन रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं, रूस की स्वास्थ्य एजेंसी रोस्पोट्रेबनादजोर ने लैब में किसी टेस्ट ट्यूब के टूटने से साफ इनकार किया है। एजेंसी ने कहा कि महिला के सैंपल में उसके लैब के काम से जुड़े सूक्ष्मजीव नहीं मिले। महिला की मौत के बाद सवाल उठ रहा है कि उसे आखिर कौन सा संक्रमण हुआ था। उसे गंभीर निमोनिया था, लेकिन बीमारी की वजह पता नहीं चल सकी। इसके बाद अधिकारियों ने इमरजेंसी मीटिंग की।

आस्था और पहचान के रिश्ते को दुनिया के सामने लाने की तैयारी

मुखौटे के पीछे मनुष्य, चेहरे पर भगवानः जयपुर की सदियों पुरानी नरसिंह लीला से निकली 'द फेस ऑफ गॉड'



प्रदीप बीदावत • जयपुर

पुराने जयपुर की संकरी गलियों में रात उतर चुकी है। मंदिरों के आसपास लोगों का जमावड़ा बढ़ रहा है। कुछ ही देर में नरसिंह लीला शुरू होगी। मंच के पीछे एक कलाकार तैयार हो रहा है। अभी वह अपने परिवार, काम और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा एक साधारण इंसान है। लेकिन कुछ देर बाद उसके चेहरे पर एक मुखौटा होगा और सामने खड़ी भीड़ उसे कलाकार की तरह नहीं, भगवान नरसिंह के रूप में देखेगी। यहीं से एक सवाल पैदा होता है—जब एक मनुष्य भगवान का चेहरा पहनता है तो उसके भीतर क्या बदलता है? क्या वह केवल अभिनय कर रहा होता है? क्या आस्था उस अभिनय को किसी दूसरे अनुभव में बदल देती है? और जब वर्षों तक किसी व्यक्ति की पहचान उसके निभाए धार्मिक पात्र से जुड़ जाए तो मुखौटे के पीछे मौजूद मनुष्य की अपनी पहचान कहां रहती है?

जयपुर की पारंपरिक नरसिंह लीला पर बनी शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री 'द फेस ऑफ गॉड' इन्हीं सवालों के जवाब तलाशती है। फिल्म अब जयपुर की गलियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों, डॉक्यूमेंट्री मंचों और सांस्कृतिक संस्थानों तक पहुंचने की तैयारी कर रही है। लेकिन यह केवल नरसिंह लीला के रंग, संगीत और भव्यता को कैमरे में कैद करने वाली फिल्म नहीं है। इसकी कहानी उस क्षण के भीतर उतरने की कोशिश करती है, जब मंच, कलाकार, आस्था और पहचान की सीमाएं एक-दूसरे में घुलने लगती हैं।

लीला से ज्यादा, लीला को जीने वाले लोगों की कहानी

जयपुर की नरसिंह लीला एक जीवित सांस्कृतिक परंपरा है। पीढ़ियां बदलती गईं, शहर का भूगोल और जीवनशैली बदली, मनोरंजन के साधन बदल गए, लेकिन पुराने शहर में यह परंपरा अपने मूल रूप में लोगों को जोड़ती रही। 'द फेस ऑफ गॉड' इसी परंपरा को उसके मंच से थोड़ा पीछे जाकर देखती है। फिल्म की दिलचस्पी इस बात में कम है कि मंच पर क्या दिखाई देता है और इस बात में ज्यादा है कि मंच पर पहुंचने से पहले कलाकार के भीतर क्या घटता है। भगवान का पात्र निभाने वाला व्यक्ति अपने घर से किस मनःस्थिति में निकलता है? मुखौटा पहनते समय उसके भीतर क्या भाव होते हैं? और प्रदर्शन समाप्त होने के बाद क्या वह सहजता से फिर उसी रोजमर्रा के मनुष्य में लौट आता है?

फिल्म की प्रोड्यूसर प्रज्ञा राठौड़ के अनुसार, यही प्रश्न इस डॉक्यूमेंट्री की बुनियाद बना। उनका कहना है कि कहानी में धर्म अवश्य है, लेकिन फिल्म का दायरा केवल धार्मिक नहीं है। इसके केंद्र में पहचान, समर्पण, स्मृति और पीढ़ियों से आगे बढ़ती सांस्कृतिक विरासत है।

जब चेहरा ही पहचान बन जाए...

हमारी सामाजिक पहचान अक्सर हमारे चेहरे, नाम और पेशे से बनती है। लेकिन लोक परंपराओं में कई बार कलाकार का चेहरा किसी और पहचान में विलीन हो जाता है। यही 'द फेस ऑफ गॉड' का सबसे दिलचस्प मानवीय पक्ष है। अगर किसी पात्र का चेहरा ही किसी कलाकार की सामाजिक पहचान बनने लगे तो उस चेहरे के पीछे मौजूद व्यक्ति कहां रहता है? फिल्म इस सवाल का कोई तैयार उत्तर देने के बजाय कैमरे के जरिए उस अनुभव के करीब जाने का प्रयास करती है। नरसिंह का मुखौटा यहां केवल मंच सामग्री नहीं रह जाता। वह मनुष्य और उसके विश्वास के बीच एक सेतु बनता दिखाई देता है। कलाकार जानता है कि वह एक भूमिका निभा रहा है। दर्शक भी जानते हैं कि सामने एक मनुष्य है। इसके बावजूद लीला के दौरान एक ऐसा सामूहिक अनुभव बनता है जहां अभिनय से आगे बढ़कर श्रद्धा प्रवेश कर जाती है। यहीं कला और आस्था के बीच की सीमा धुंधली होने लगती है।

जयपुर की होकर भी प्रज्ञा नहीं जानती थीं इस परंपरा को

फिल्म के बनने के पीछे एक दिलचस्प विडंबना भी है। प्रज्ञा राठौड़ खुद जयपुर से हैं, लेकिन उनके मुताबिक लंबे समय तक उन्हें भी यह जानकारी नहीं थी कि पुराने शहर में नरसिंह लीला जैसी विशिष्ट परंपरा जीवित है। यह अनुभव उनके सामने एक बड़ा प्रश्न लेकर आया। अगर जयपुर में पली-बढ़ी नई पीढ़ी ही शहर की ऐसी परंपराओं से परिचित नहीं है, तो आने वाले वर्षों में इनकी स्मृति किस तरह सुरक्षित रहेगी? यही वह बिंदु है जहां 'द फेस ऑफ गॉड' केवल एक फिल्म न रहकर नई पीढ़ी और उसकी सांस्कृतिक जड़ों के बीच संवाद का माध्यम बनने की कोशिश करती है। आज का युवा राजस्थान लोक परंपराओं को केवल संग्रहालय, किताब या धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं देखता। वह उन्हें आधुनिक कहानी कहने के माध्यमों—फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, डिजिटल वीडियो और दृश्य अनुभव—के जरिए भी समझता है। इस फिल्म के निर्माताओं की कोशिश इसी दूरी को कम करने की है।

मुखौटे दुनिया की हर संस्कृति में हैं

जयपुर की नरसिंह लीला राजस्थान की परंपरा है, लेकिन धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों में मुखौटे पहनने की परंपरा दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद रही है। कहीं मुखौटा देवता का प्रतीक है, कहीं पूर्वजों का, कहीं प्रकृति का और कहीं किसी आध्यात्मिक शक्ति का। मनुष्य सदियों से अभिनय, नृत्य, अनुष्ठान और प्रतीकों के जरिए उस दुनिया को व्यक्त करने की कोशिश करता रहा है जिसे केवल तर्क से समझाना कठिन है। यही वह जगह है जहां जयपुर की कहानी अंतरराष्ट्रीय दर्शक से संवाद कर सकती है। 'द फेस ऑफ गॉड' का प्रश्न इसलिए केवल इतना नहीं है कि जयपुर में नरसिंह लीला कैसे होती है।

इसका बड़ा प्रश्न है— क्या हम अपनी भूमिका बनाते हैं, या कभी-कभी हमारी भूमिका हमें भी बदल देती है?

राजस्थान केवल लोकेशन नहीं, फिल्म की आत्मा

फिल्म के निर्माण की एक खास बात यह भी है कि राजस्थान यहां केवल शूटिंग लोकेशन नहीं है। रिसर्च से लेकर शूटिंग, कलाकारों और संगीत तक स्थानीय प्रतिभाओं को परियोजना से जोड़ा गया है। इस अर्थ में यह राजस्थान पर बाहर से बनाई गई फिल्म के बजाय राजस्थान के भीतर से निकली कहानी बनने का प्रयास है। प्रोजेक्ट के अंतिम तकनीकी चरण मुंबई में पूरे किए जाने हैं, लेकिन फिल्म की रचनात्मक जड़ जयपुर और राजस्थान में ही है। प्रज्ञा राठौड़ अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण परियोजनाओं से भी जुड़ी रही हैं। अमेरिका की Bowery Hills Entertainment के साथ काम करने के बाद उन्होंने जयपुर में K10 Tales Entertainment की शुरुआत की। उनके अनुसार, उद्देश्य राजस्थान से ऐसी कहानियां खोजना है जिनकी जड़ें स्थानीय समाज और संस्कृति में हों, लेकिन जिनका भावनात्मक रिश्ता दुनिया के किसी भी हिस्से के दर्शक से बन सके। 'द फेस ऑफ गॉड' उसी दिशा की एक कोशिश है।

लोकधुन भी सुनाएगी जयपुर की कहानी

फिल्म में संगीत भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी संगीत रचना की जिम्मेदारी बॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर ऐकार्थ पुरोहित संभाल रहे हैं, जो 'द साबरमती रिपोर्ट' से भी जुड़े रहे हैं। फिल्म के संगीत में राजस्थान की लोक परंपरा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मांगणियार समुदाय के कलाकार हनीफा खान, जाकिर खान और नियाज भी इसके संगीत संसार का हिस्सा हैं। कोशिश यह है कि फिल्म जब अंतरराष्ट्रीय दर्शक तक पहुंचे तो उसके दृश्य भले सिनेमाई भाषा में संवाद करें, लेकिन उसकी ध्वनि में राजस्थान की मिट्टी की पहचान बनी रहे। इसलिए लोक संगीत यहां केवल बैकग्राउंड स्कोर नहीं है। वह फिल्म के सांस्कृतिक भूगोल का हिस्सा है। आधुनिक सिनेमाई साउंड और पारंपरिक लोक आवाजों का यह मेल फिल्म को स्थानीय और वैश्विक दुनिया के बीच खड़ा करता है।

अब नीदरलैंड्स से अमेरिका तक पहुंचाने की तैयारी

निर्माताओं की योजना फिल्म को भारत के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और सांस्कृतिक मंचों तक ले जाने की है। इसके लिए नीदरलैंड्स, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, स्पेन और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित विभिन्न देशों के मंचों पर फिल्म भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा इसे केवल फिल्म फेस्टिवल सर्किट तक सीमित रखने की योजना नहीं है। फिल्म को ऐसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों तक भी पहुंचाने पर काम किया जा रहा है, जहां लोक परंपरा, परफॉर्मिंग आर्ट्स, आस्था, पहचान और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पर अध्ययन और विमर्श होता है। यह पहल नरसिंह लीला को केवल अतीत से मिली धरोहर की तरह देखने के बजाय वर्तमान समय की एक जीवित परंपरा के रूप में सामने रखने की कोशिश है।

नई पीढ़ी के लिए पुरानी कहानी की नई भाषा

इस पूरी परियोजना का शायद सबसे महत्वपूर्ण पहलू युवा पीढ़ी से जुड़ा है। परंपराओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती केवल उनका संरक्षण नहीं है। चुनौती यह भी है कि उन्हें अगली पीढ़ी के लिए किस भाषा में प्रस्तुत किया जाए। नई पीढ़ी उसी शहर में रह सकती है, उसी बाजार से गुजर सकती है और उन्हीं गलियों में घूम सकती है, जहां कोई परंपरा सदियों से जीवित है—फिर भी उससे पूरी तरह अनजान रह सकती है। 'द फेस ऑफ गॉड' इस दूरी को कैमरे से कम करने की कोशिश है। यह युवाओं से यह नहीं कहती कि वे किसी परंपरा को केवल इसलिए स्वीकार कर लें क्योंकि वह पुरानी है। इसके बजाय फिल्म उन्हें उसके भीतर झांकने और सवाल पूछने का अवसर देना चाहती है। कौन लोग इस परंपरा को जीवित रखते हैं? उनके लिए इसका अर्थ क्या है? एक कलाकार किसी देव स्वरूप को निभाते हुए क्या महसूस करता है? और आखिर वे कौन-सी स्मृतियां हैं जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक बिना किसी लिखित समझौते के चली आती हैं?

मुखौटा उतरने के बाद...

नरसिंह लीला समाप्त होती है। भीड़ धीरे-धीरे घर लौटने लगती है। रोशनी बुझती है। संगीत शांत हो जाता है। कलाकार मुखौटा उतार देता है। लेकिन क्या उसके साथ उस क्षण का अनुभव भी उतर जाता है? शायद 'द फेस ऑफ गॉड' की कहानी यहीं सबसे ज्यादा अर्थपूर्ण हो जाती है। फिल्म किसी भगवान को खोजने से अधिक उस मनुष्य को खोजती है जो कुछ समय के लिए भगवान का चेहरा पहनता है। उसके चेहरे पर मुखौटा है, सामने श्रद्धा से भरी भीड़ है और भीतर एक ऐसा अनुभव है जिसे कैमरा देख तो सकता है, लेकिन शायद पूरी तरह परिभाषित नहीं कर सकता। जयपुर की गलियों से निकल रही यह फिल्म दुनिया के सामने आखिरकार एक बहुत पुराना, लेकिन हमेशा नया रहने वाला प्रश्न रखती है— मनुष्य किसी देवता का रूप धारण करता है, या आस्था के उन कुछ क्षणों में वह रूप मनुष्य के भीतर भी कुछ बदल देता है? शायद इसी सवाल के कारण जयपुर की एक स्थानीय नरसिंह लीला की कहानी शहर की सीमाओं से बहुत आगे जाने की क्षमता रखती है।

आस्था आखिर है क्या?

फिल्म का निर्देशन नंदिनी मित्तल ने किया है। उनके लिए भी इस कहानी का केंद्रीय विषय लीला के दृश्य वैभव से कहीं आगे जाता है। वे आस्था को एक निश्चित उत्तर की बजाय एक प्रश्न की तरह देखती हैं। उनके मुताबिक सवाल यह है कि आखिर वह क्या है जो इंसान को उस चीज पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करता है, जिसे वह न पूरी तरह देख सकता है और न पूरी तरह समझा सकता है। फिल्म निर्माण के दौरान उनकी दिलचस्पी विश्वास और अनुभव के बीच मौजूद उसी जगह को समझने में रही, जहां कोई व्यक्ति स्वयं को किसी ऐसी चीज के प्रति समर्पित करता है जिसे शब्दों में पूरी तरह परिभाषित करना संभव नहीं होता। शायद यही कारण है कि 'द फेस ऑफ गॉड' का विषय स्थानीय होने के बावजूद उसका मूल सवाल सार्वभौमिक हो जाता है।

ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण

प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध करवाना आवश्यकः बबीता सैनी

थिंक राजस्थान • चूरू

प्रेम सिंह इन्दा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध करवाना आवश्यक है। प्रबल कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक क्षमताएं सामने लाने का अवसर मिला। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनय सोनी ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने भाषण, आशु भाषण, नाट्य रंगमंच और ग्रुप पैनल चर्चा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडवा के कक्षा 11 के छात्र जयकिशन तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक बागला विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा फलक अंसारी जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में भाग लेंगे। संचालन वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र पूनिया ने किया।

पुलिस हिरासत में युवक की तबीयत बिगड़ी, हॉस्पिटल में मौत

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ने के 15 दिन बाद सोमवार तड़के 3.30 बजे युवक की मौत हो गई। 19 वर्षीय ऋतुराज मनासा-मल्हारगढ़, मंदसौर, मध्यप्रदेश का रहने वाला था। एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। मुहाना पुलिस ऋतुराज से 22 लाख के सोने की ठगी के मामले में पूछताछ के लिए लाई थी।

ऋतुराज की मां हेमा ने आरोप लगाया कि मुहाना थाना पुलिस ने मेरे बेटे के साथ मारपीट की थी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के दौरान मेरे बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने मुझसे जबरन 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया था। अब 10 लाख रुपए देकर मामले को रफादफा करने की बात कह रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामला विदेश से सस्ता सोना लाने के लिए रुपए के लेनदेन से जुड़ा है। थाने में युवक के पिता के खिलाफ सोने की ठगी का मामला दर्ज था। मामले युवक को पीड़ित पक्ष 20 सितंबर को लेकर आया था। होटल में बाप-बेटे के साथ मारपीट हुई थी, मारपीट की घटना CCTV फुटेज में कैद है।

ईडब्ल्यूएस सरलीकरण नहीं होने से युवाओं को भुगतना पड़ रहा खामियाजाः रविंद्र सिंह भाटी

श्रीडूंगरगढ़, कालू और लूणकरणसर सहित बीकानेर की धरती पर उमड़ी भारी भीड़

थिंक राजस्थान • बीकानेर

शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने अभी तक ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) व्यवस्था का अपेक्षित सरलीकरण नहीं किया है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस काम को लोकतांत्रिक तरीके से सहज रूप से हो जाना चाहिए, उसके लिए भी संघर्ष करना पड़े, यह उचित स्थिति नहीं है। श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के आग्रह पर रविंद्र सिंह भाटी द्वारा शुरू की गई ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा के द्वितीय चरण के प्रथम दिन बीकानेर जिले में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। श्रीडूंगरगढ़, कालू और लूणकरणसर सहित बीकानेर की धरती पर जुटे जनसमूह को भाटी ने ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग के प्रति जनता की जागरूकता और समर्थन का परिचायक बताया।

भाटी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं के सरलीकरण की मांग किसी एक व्यक्ति या संगठन की मांग नहीं है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य और उनके अधिकारों से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि जटिल प्रक्रियाओं और नियमों के कारण पात्र युवाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए व्यावहारिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग को लेकर शुरू की गई यात्रा का उद्देश्य केवल राजनीतिक कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि जन-जागरण और जनभागीदारी के माध्यम से इस मुद्दे को मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज को सुनना और न्यायपूर्ण मांगों का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है।

बीकानेर में मिले जनसमर्थन पर भाटी ने मातृशक्ति, युवाओं, बुजुर्गों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता यह बताती है कि ईडब्ल्यूएस सरलीकरण का मुद्दा आम युवाओं से सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने यात्रा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में भाटी ने संघर्ष और शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहनशीलता, क्षमा और दया तभी सम्मानित होती है, जब उसके पीछे शक्ति और दृढ़ संकल्प मौजूद हो। उन्होंने संकेत दिया कि ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से मजबूती के साथ उठाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की न्यायपूर्ण मांग को केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और इसके लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का अभियान है।

एमडीएम हॉस्पिटल के मोबाइल एप में दिखेगी डॉक्टर की लिस्ट: मरीजों को मिलेगा शेड्यूल

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के सबसे बड़े मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में अब मरीजों को सभी डॉक्टर्स की जानकारी मोबाइल एप पर मिलेगी। इसके लिए मथुरादास माथुर हॉस्पिटल की ओर से 'एमडीएमएच' नाम से मोबाइल एप डेवलप किया गया है। मथुरादास माथुर हॉस्पिटल के सुपरिडेंटेंड डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया- अभी एप को लेकर फीडबैक लिया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी इसमें अपडेट की है। इस एप में हर डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की ओपीडी से लेकर उसके ओटी शेड्यूल की जानकारी होगी। इतना ही नहीं पूरा एप डेवलप होने के बाद मरीज या उनके परिजन एक खास चैट बोट के जरिए समस्याओं को लेकर सवाल-जवाब भी कर सकेंगे। मरीजों की सुविधा और डॉक्टर्स की जानकारी के लिए इसमें डिपार्टमेंट वाइज कैटेगरी को शामिल किया है। जैसे एनिस्थिसिया, मेडिसिन, ब्लड बैंक, डेंटल, कार्डियोलॉजी, मेडिसिन, ईएनटी, आई, गेस्ट्रोलॉजी, गायनॉकोलॉजी, माइक्रोबायलॉजी, पीडियाट्रिक और पैथोलॉजी समेत अलग-अलग 20 डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की पूरी लिस्ट रहेगी। इसके साथ ही संबंधित डॉक्टर्स की प्रोफाइल और उनका ओपीडी शेड्यूल भी इसी एप पर मरीज देख सकेंगे।

ओपीडी और ओटी दोनों शेड्यूल मिलेगा

दरअसल, अधिकांश मरीजों को ये जानकारी नहीं मिल पाती है कि किस दिन-किस डॉक्टर्स की ओपीडी रहती है। ऐसे में मरीज भी परेशान होते हैं। इसके लिए इस एप में डॉक्टर्स की ओपीडी और ओटी शेड्यूल दोनों की पूरी डिटेल मिलेगी। यानी कौनसे डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की ओपीडी कितने बजे से कितने बजे तक रहेगी। कौनसे डॉक्टर्स ऑपरेशन थियेटर में रहेंगे और उनका क्या शेड्यूल होगा। ऐसी तमाम जानकारी इसमें मरीजों को आसानी से मिल जाएगी।

सरकारी स्कीम-ब्लड बैंक की भी मिलेगी जानकारी

एप में मरीजों को सरकार की ओर से मिलने वाली अलग-अलग योजनाओं की पूरी जानकारी रहेगी। जैसे योजना का नाम, कौन पात्र हैं और क्या फायदा होगा। ये सभी जानकारी एप पर मिल जाएगी। साथ ही ब्लड बैंक से संबंधित जानकारी भी एप पर मरीज को आसानी से मिल जाएगी। मथुरादास माथुर हॉस्पिटल के सुपरिडेंटेंड डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया- एक महीने बाद एप प्रॉपर वर्किंग में हो जाएगा। इससे मरीज को पता चल जाएगा कि किस दिन कौन डॉक्टर मिलेगा। इसके अलावा स्पेशल ओपीडी की भी जानकारी मिलेगी।

ब्रीफ न्यूज

सफाईकर्मी कर रहे सर्टिफिकेट की मांग: बोले- भर्ती में प्रमाण पत्र की जरूरत

थिंक राजस्थान • पाली

पाली में नगर निगम के कई सफाईकर्मियों ने निगम के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि सफाईकर्मियों को अनुभव प्रमाण पत्र दिया जाए। दरअसल, सभी का कहना है कि सफाईकर्मी भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की जरूरत होती है, लेकिन निगम के अधिकारियों की ओर से अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे है। ऐसे में सफाईकर्मी भर्ती में आवेदन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनुभव प्रमाण पत्र लगाने के बाद ही आवेदन पत्र जमा हो सकेंगे। इसी को लेकर ये ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपते समय विक्रम चंदानी, विनोद तेजी, विनोद रल, अनिल सरपटा, मदन कंडारा सहित कई जने मौजूद रहे।

रिटायर्ड जस्टिस लोढ़ा ने आरओ राहुल शर्मा को लगाई फटकार

थिंक राजस्थान • पाली

रिटायर्ड जस्टिस संगीत लोढ़ा रविवार को चौथी बार ट्रीटमेंट प्लांटों और बांडी नदी का निरीक्षण करने पहुंचे। दोपहर में वे ट्रीटमेंट प्लांट-4 पहुंचे। यहां नेहड़ा गांव के किसान वागाराम विश्नोई ने प्लांट छलकने और प्रदूषित पानी प्लांट में फैलने की शिकायत की। प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान लोढ़ा ने आरओ राहुल शर्मा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दे रखा है कि जिन इकाइयों में प्लांट की क्षमता के अनुसार आवंटित केएलडी से ज्यादा मशीनें हैं, उन्हें हटाया जाए। इसके बावजूद इकाइयों से अतिरिक्त मशीनें क्यों नहीं हटाई जा रही हैं? उन्होंने कहा कि इससे पहले प्लांट शुरू ही नहीं करना था। बिना हायर अथॉरिटी से पूछे इतना बड़ा फैसला कैसे लिया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के आदेश को 6 महीने हो चुके हैं, इसके बाद भी हालात ऐसे ही हैं।

युवक को प्यार के जाल में फंसाकर किया ब्लैकमेल, रेप केस की धमकी दी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में प्यार के जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि शादी की बात करते ही युवती का व्यवहार बदल गया। उसने मकान और संपत्ति अपने नाम करने की शर्त रख दी। 50 लाख रुपए भी मांगे। मना करने पर रेप और यौन शोषण के झूठे केस में फंसाकर पूरे परिवार को जेल भिजवाने और मीडिया को बुलाकर इमेज खराब करने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर 50 लाख रुपए मांगने लगी। मामले में देवनगर थाना पुलिस ने इस्तगासे के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। जोधपुर शहर में रहने वाले पीड़ित युवक ने रिपोर्ट में बताया कि अक्टूबर 2025 में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान एक युवती से मुलाकात हुई थी। शुरुआत में सामान्य बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती और फिर प्रेम संबंध में बदल गई। दोनों आपसी सहमति से घूमते-फिरते रहे और होटलों में भी रुके। पीड़ित का कहना है कि दोनों बालिग थे और संबंध पूरी तरह स्वैच्छिक थे। पीड़ित के अनुसार- शादी की बात करने पर युवती का व्यवहार अचानक बदल गया। उसने शादी के बदले मेरा मकान और संपत्ति अपने नाम करने की शर्त रख दी। जब इसका विरोध किया, तो लड़की आक्रामक हो गई और धमकी देने लगी। पीड़ित युवक का आरोप है कि 6 जून 2026 को युवती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि वह मुकदमों से बचना चाहता है तो उसे 50 लाख रुपए देने होंगे। रुपए न देने पर रेप और यौन शोषण के झूठे केस में फंसाकर पूरे परिवार को जेल भिजवाने और मीडिया को बुलाकर इमेज धूमिल करने की धमकी दी। महिला की मौसी और अन्य परिजन भी फोन कर लगातार मानसिक प्रताड़ना देने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसने जुलाई 2026 में पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर महानगर के सामने इस्तगासा पेश किया। कोर्ट के निर्देश पर अब पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

चुनाव में सबका सपोर्ट करते बड़े-नेता, पहला चुनाव जीता, राजनीति की हुई शुरुआत; कहा- पंचायत सुनाव में युवाओं के साथ काम करेंगे: छिल्लर

थिंक राजस्थान • अलवर

अलवर युवा कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष परमीत छिल्लर बने हैं। परमीत छिल्लर ने कहा- इससे पहले मैंने कोई चुनाव नहीं लड़ा। सीधे जिलाध्यक्ष बनकर राजनीति में उतरा हूं। युवा कांग्रेस अलवर का चुनाव परिणाम आने के अगले दिन सोमवार को नए जिलाध्यक्ष छिल्लर ने दैनिक भास्कर से बातचीत में यह कहा। माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का छिल्लर को सपोर्ट रहा है। इस पर छिल्लर ने इनकार करते हुए कहा- बड़े नेता युवा कांग्रेस के चुनाव में किसी एक को सपोर्ट नहीं करते हैं। सबके साथ रहते हैं। छिल्लर ने कहा- मुझे युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दीनबंधु शर्मा सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने सपोर्ट किया है। उन्होंने कहा- अब पंचायत चुनाव में युवाओं को साथ लेकर काम करेंगे। छिल्लर ने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चुनाव में 1261 वोट से शैलेंद्र अवस्थी को हराया है।

गांवों में युवाओं का रुझान कांग्रेस पर

चुनाव के खर्च को लेकर छिल्लर ने कहा- कार्यकर्ताओं की टीम काम करती है। चुनाव में उनके आने-जाने का खर्च होता है। बाकी कुछ नहीं होता है। युवा कांग्रेस चुनाव में गांवों में गए। तब गांवों में युवाओं का रुझान अब वापस कांग्रेस पर है। बता दें कि छिल्लर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नजदीकी हैं। छिल्लर का सोलर एनर्जी और प्रॉपर्टी का मुख्य काम है। बड़े नेताओं के साथ भी बिजनेस करते हैं। इसलिए अचानक जयपुर में बिजनेस करते हुए उन्होंने चुनाव लड़ा। वहीं चुनाव जीतने के बाद छिल्लर ने पहला फोन नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को किया। इसके बाद जूली ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह से भी छिल्लर की फोन पर बात कराई।

अन्य पदों पर ये जीते

अलवर युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष बने रविंद्र चौधरी ने कहा- शहर में भी अब युवाओं का कांग्रेस की तरफ रुझान बढ़ा है। वहीं जिला स्तर पर ओपन वर्ग में शैलेंद्र अवस्थी और लियाकत खान वाइस प्रेसिडेंट चुने गए हैं। शैलेंद्र अवस्थी को 12 हजार 193 वोट, जबकि लियाकत खान को 4,017 वोट मिले। वहीं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी (EC) के पद पर अरबाज खान चुने गए हैं। उन्हें 3,936 वोट मिले। इसी तरह एससी-एसटी वर्ग से राजेश मीणा वाइस प्रेसिडेंट बने हैं। उन्हें 180 वोट मिले। महिला वर्ग में ममता मीणा वाइस प्रेसिडेंट चुनी गई हैं, जिन्हें 103 वोट मिले।

मंत्री दिलावर बोले- प्रधान बनकर गड़बड़ी की तो एक मिनट में हटा दूंगा: हम मोदी के चेले हैं, न खाते हैं न किसी को खाने देते

कोटा में पंचायत समिति के भाजपा कार्यकर्ता की बैठक

थिंक राजस्थान • कोटा

कोटा में पंचायत समिति के भाजपा कार्यकर्ता की बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। दिलावर ने चुनाव लड़ने वाले इच्छुक कार्यकर्ताओं को कहा कि जो चुनाव लड़ रहे हैं, वे इस गलतफहमी में न रहें कि प्रधान बनने के बाद गलत काम करेंगे।

दिलावर ने कहा कि चाबी मेरे पास ही रहेगी, प्रधान बनकर किसी ने गड़बड़ी की तो उसे एक मिनट में हटा देंगे। दिलावर ने पंचायत समिति लाड़पुरा के कांग्रेस प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू का उदाहरण देते हुए कहा कि गुड्डू को याद कर लेना। किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी, चाहे प्रधान भाजपा का ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि हम मोदी के चेले हैं, न खाते हैं और न किसी को खाने देते हैं। मंत्री दिलावर सोमवार को पंचायतीराज चुनाव को लेकर मोड़क गांव के बघेरवाल मांगलिक भवन में चेचट पंचायत समिति के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे।

चुनाव संचालन और प्रत्याशी चयन समितियां बनेंगी

बैठक में कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर रायशुमारी की गई। चुनाव व्यवस्थित तरीके से लड़ने के लिए चुनाव संचालन समिति और प्रत्याशी चयन समिति बनाने का निर्णय लिया गया। दोनों समितियों में ऐसे पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जो खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाने में प्राथमिकता देने की बात भी कही गई।

दिलावर ने कहा कि हाल ही में हुए निकाय चुनाव में 52% से अधिक मुस्लिम मतदाताओं वाली सुकेत नगर पालिका में भी भाजपा का बोर्ड बना है। उन्होंने कहा कि चेचट पंचायत समिति का गठन भाजपा सरकार ने किया है, इसलिए यहां पहला बोर्ड भाजपा का बनना चाहिए। 17 वार्ड वाली पंचायत समिति में 17 में से 17 वार्ड भाजपा को जिताने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के सामने रखा। दिलावर ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों के माध्यम से प्रदेश में एक लाख सफाई कर्मियों को रोजगार दिया है। उन्हें पहली बार 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि गांवों में पहली बार सफाई व्यवस्था इस स्तर पर शुरू हुई है और कांग्रेस ने गांवों की सुध नहीं ली।

टिकट पसंद न हो तो घर बैठ जाएं, विरोध नहीं करें

पूर्व सरपंच और भाजपा नेता गिरिराज बोबस ने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की अपील की। बोबस ने कहा कि कई बार पार्टी का टिकट मिलने वाला उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से पसंद नहीं होता, लेकिन ऐसी स्थिति में भी उसका विरोध नहीं करना चाहिए। भले ही चुपचाप घर बैठ जाएं, लेकिन भाजपा प्रत्याशी का किसी भी हालत में विरोध नहीं करें। भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंपालाल मेहरा ने कहा कि क्षेत्र में विधायक मदन दिलावर और सांसद ओम बिरला ने विकास के काम कराए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि कांग्रेस का प्रधान बन गया तो विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

पंचायत चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार पाली निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी तैयारियों को लेकर तहसील कार्यालय पाली में 24 घंटे संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज चुनाव को लेकर चुनाव प्रत्याशियों एवं आम मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। चुनाव से संबंधित जानकारी, शिकायत अथवा समस्या के समाधान के लिए आमजन नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 02932-222252 पर संपर्क कर सकते हैं।

तीन पारियों में होगा संचालन: ईआरओ राणावत ने बताया कि नियंत्रण कक्ष को राउंड द क्लॉक संचालित किया जाएगा। इसके लिए कार्मिकों की तीन पारियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पारी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तृतीय पारी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक संचालित होगी। इसके अलावा आवश्यकता के समय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक आरक्षित कार्मिक भी लगाया गया है।

नागौर में रिटर्निंग अधिकारियों की ट्रेनिंग: राजनीतिक दलों से चर्चा की

थिंक राजस्थान • नागौर

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसके बाद रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सुबह 10 से 11 बजे तक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इसमें पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्वाचन व्यय के लिए दर निर्धारण, आदर्श आचार संहिता और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग के नियमों और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

कलेक्टर ने चुनाव प्रचार के दौरान बैनर-पोस्टर लगाने, झंडे लगाने और लाउडस्पीकर के उपयोग सहित इनके लिए जरूरी अनुमतियों की जानकारी दी। साथ ही चुनावी खर्च के आकलन और उसकी निगरानी से जुड़े नियम भी समझाए। उन्होंने पुराने भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के साथ वर्तमान में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 से संबंधित प्रावधानों के बारे में भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में कांग्रेस के राधेश्याम सांगवा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के किशनाराम पिण्डेल और भाजपा के गोविंद प्रकाश सोनी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के साथ बैठक के बाद सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागार में रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में पंचायतीराज चुनाव की पूरी प्रक्रिया और अधिकारियों की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। जिले के सभी संबंधित रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रशिक्षण में मौजूद रहे। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की ओर से पीपीटी के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों को समझाया गया। पंचायतीराज चुनाव को लेकर यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि चुनाव के दौरान रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की जिम्मेदारी नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना तक अहम रहेगी।

मां-बाप के बाद बेटा नशा तस्करी में गिरफ्तार: पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ पकड़ा, पहले से 3 केस में एफआईआर

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बालोतरा जिले की जसोल पुलिस ने मादक-पदार्थ तस्करी मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर 167 ग्राम एमडी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश विश्नोई के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के 3 मामले दर्ज है। आरोपी के पिता पहले से NDPS मामले में जेल में बंद हैं, तो वहीं मां भी जेल जा चुकी है। फिलहाल पुलिस ड्रग्स की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। टीम को सूचना मिली थी कि जागसा गांव में आरोपी ओमप्रकाश अपने कब्जे में अवैध मादक-पदार्थ एमडी रखे हुए है। इस पर टीम ने गांव में दबिश देकर आरोपी ओमप्रकाश को डिटेन किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 167 ग्राम अवैध मादक-पदार्थ एमडी बरामद की गई। इस संबंध में जसोल थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से मादक-पदार्थ की खरीद-फरोख्त सप्लाई चैन और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ जारी है।

पिता जेल में बेटे को पकड़ा, मां जा चुकी जेल

आरोपी ओमप्रकाश विश्नोई के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज है और वो कई बार पहले जेल जा चुका है। आरोपी का पिता लादूराम भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले में गिरफ्तार किया गया था जो कि अभी जेल में है। इसी के साथ आरोपी की मां बालीदेवी भी मादक-पदार्थ तस्करी में जले जा चुकी है।

बड़े स्तर पर तस्करी

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर ड्रग्स की खरीद-फरोख्त और सप्लाई का काम करता है। आरोपियों ने भारतमाला-एक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले वाहन ड्राइवरों और आसपास के इलाकों में नशा करने वाले व्यक्तियों को अवैध मादक-पदार्थ की सप्लाई करता था। एसपी राजेश कुमार कॉवत के अनुसार- नशाखोरी को रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय तस्करी की रोकथाम और मादक-पदार्थ तस्करों के खिलाफ स्पेशल अभियान चला रहा है।

नागौर में कोरोना वॉरियर्स का क्रिकेट टूर्नामेंट कल से: 50 टीमों में मुकाबला

1000 खिलाड़ी लेंगे भाग, कुल 87 मैच होंगे

थिंक राजस्थान • नागौर

कोरोना काल में सेवाएं देते हुए शहीद हुए नर्सिंगकर्मी एवं पैरामेडिकल स्टाफ की स्मृति में आयोजित सातवें कोरोना वॉरियर्स क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ धनराज स्कूल के खेल मैदान में मंगलवार शाम 6 बजे से नागौर में होगा। इस बार टूर्नामेंट की मेजबानी नागौर जिले को मिली है।

नर्सेज एसोसिएशन जिला अध्यक्ष मुकेश रेवाड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से करीब 50 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें लगभग 1000 खिलाड़ी नागौर पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में लीग मुकाबलों के बाद नॉकआउट चरण, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान करीब 87 मैच प्रस्तावित हैं।

4 मैदानों पर होंगे मुकाबले

टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में मुकाबले नागौर के चार मैदानों पर खेले जाएंगे। इनमें धनराज स्कूल के दो मैदान, एनसीसी ग्राउंड और बुल्स ग्राउंड शामिल हैं। इन चारों मैदानों पर करीब 60 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में लेदर बॉल से मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर भी आयोजन समिति ने व्यवस्थाएं की हैं। मैचों के दौरान किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में एम्बुलेंस और मेडिकल व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इसके लिए अलग कमेटी भी गठित की गई है।

कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए जान गंवाने वाले नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की याद में यह टूर्नामेंट हर साल राजस्थान के अलग-अलग जिलों में आयोजित किया जाता है। इस बार नागौर को इसकी मेजबानी मिली है। आयोजन को लेकर जिला नर्सेज एसोसिएशन एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ओर से जिलेभर के कर्मचारियों और खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की गई है। उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। वहीं एसपी आसाराम चौधरी अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति ने आयोजित किया समारोह, संगीत संध्या और प्रेरक व्याख्यान रहे आकर्षण

गांधी-शास्त्री जयंती एवं वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठजनों का सम्मान

थिंक राजस्थान • जोधपुर

केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति, राजस्थान, जोधपुर की ओर से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती तथा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सरदारपुरा स्थित सामुदायिक भवन में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सायं 5 बजे शुरू हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राखी जोझावर के पूर्व प्रधान चक्रवर्ती सिंह रहे। इस अवसर पर समाज के अति वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनीष लांबा की संगीत संध्या विशेष आकर्षण रही। वहीं विभिन्न वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

समारोह में वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक भूमिका और उनके अनुभवों के महत्व पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए अनुभव और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन महासमिति के महासचिव दौलत सिंह कुम्भट तथा पठान खान मेहर ने किया। अंत में महासमिति के अध्यक्ष स. चरणजीत सिंह छाबड़ा ने अतिथियों, सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों एवं उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

ब्रीफ न्यूज

केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चौधरी का पीपाड़ शहर में स्वागत

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चौधरी के मंगलवार को पीपाड़ शहर आगमन पर पीपाड़ शहर केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से स्वागत किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष मगराज पुरोहित के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में दिनेश चौधरी का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।इस दौरान जोधपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव महेंद्र लुक्का एवं अजीत कड़वासरा का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पीपाड़ शहर केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मगराज पुरोहित, कोषाध्यक्ष प्रकाश दवे, सचिव श्रवणराम परिहार, सह सचिव ओमप्रकाश मुंडेल, जोधपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रभाकर टाक, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट एवं फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मगराज पुरोहित ने प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चौधरी को स्थानीय स्तर पर दवा विक्रेताओं के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने दवा विक्रेताओं के हित में प्रदेश स्तर पर आवश्यक कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम में सत्यनारायण टाक, रामनिवास चौधरी, रामदेव चौधरी, मुकेश टाक, प्रेमसिंह कच्छावाह, अशोक वैष्णव, अशोक कच्छावाह, हंसराज कच्छावाह, भाई खान सिंधी, वीरेंद्र राठौड़, भानुप्रकाश चौधरी, मोहम्मद रफीक, महेंद्रसिंह टाक, मोहम्मद सईद, सवाईलाल पुरोहित, योगेश्वर पुरोहित, सादिक खान सिंधी सहित पीपाड़ शहर के केमिस्ट एवं फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

मेरू नगर को मूल ग्राम पंचायत खारिया मीठापुर में सम्मिलित करने की मांग

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

कस्बे के निकट राजस्व गांव भेरू नगर निवासी गुर्जर समाज के लोगो ने सोमवार को जिला निर्वाचित अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत खारिया मीठापुर में सम्मिलित करने की मांग का ज्ञापन दिया उन्होंने बताया कि अगर ग्राम पंचायत खारिया मीठापुर में सम्मिलित नहीं किया गया तो सभी चुनाव का बहिष्कार करेंगे ज्ञापन में बताया गया कि जिस ग्राम पंचायत महाराजा नगर में उनको डाला गया हैं वह 12 से 14 किलोमीटर दूर है जिससे मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहेगा इस अवसर पर समाज के कई गणमानिय लोग मौजूद रहे।

चुनाव बहिष्कार की घोषणा, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट व उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

निः शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर युवराज शिवराज सिंह के तिथिनुसार अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रताप नगर क्षेत्र में निः शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 79 रोगियों की जांच कर उपचार किया गया और दवाईयां वितरित की गई यह शिविर एच एच महाराजा गज सिंह मेडिकल विंग, युवराज शिवराज सिंह न्यूरो रिहेब सेंटर राजदादीजी श्रीमती बदन कंवर मेडिकल ट्रस्ट और मदर वर्ल्ड फ़ाउण्डेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । संस्था सचिव सचिव कला गुर्जर ने बताया की चिकित्सा शिविर डॉ धीरेन्द्र नारद के निर्देशन में आयोजित किया गया इस शिविर में वृद्धजनों को नेत्र चिकित्सक द्वारा कंप्यूटर जांच के बाद 145 लोगों को नजर के चश्में भी भेंट किए गए।

पंचायतीराज चुनावः कानून-शांति व्यवस्था के लिए निषेधाज्ञा जारी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात शाहीन ने आदेश जारी कर जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र जहां पर जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव होने है, में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने एवं जानमाल की सुरक्षा किए जाने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी किया है।

आदेश के तहत जोधपुर पुलिस आयुक्तालय के क्षेत्र जहां जिला परिषद, पंचायत समिति के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव (नगर निगम जोधपुर एवं नगरपालिका तिंवरी व मथानियां के क्षेत्र को छोड़कर) होने है, उस क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र, तेज धार वाले शस्त्र, लाठी आदि धारण कर सार्वजनिक स्थान पर विचरण नहीं करेगा, ना ही ऐसे अस्त्र-शस्त्र, तेज धार वाले शस्त्रों का किसी प्रकार से प्रदर्शन करेगा। यह प्रतिबन्ध शस्त्र अनुज्ञापत्रधारियों के लिए नवीनीकरण एवं थाने में जमा कराने के लिए विचरण करने वाले व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। सिक्ख समुदाय के व्यक्तियों को धार्मिक परम्परा के अनुसार, नियमानुसार निर्धारित कृपाण रखने की छूट होगी। यह प्रतिबन्ध सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान शस्त्र पुलिस, सिविल पुलिस, होमगार्ड, सेना एवं उन राज्य एवं केन्द्रीय कर्मचारियों पर, जो कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने पास हथियार रखने को अधिकृत किए गए है, राष्ट्रीय राईफल एसोसिएशन के वह सदस्य जो प्रतियोगिता तैयारी एवं भाग लेने जा रहे है, लाठी का सहारा लेने वाले वृद्ध-बीमार व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा।

आदेश के तहत जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र से बाहर का कोई भी व्यक्ति जोधपुर आयुक्तालय सीमा में उपरोक्त किस्म के हथियारों को अपने साथ नहीं लाएगा, ना ही सार्वजनिक स्थानों पर इसका प्रयोग एवं प्रदर्शन करेगा तथा कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक पदार्थ को लेकर नहीं चलेगा और ना ही इसका प्रयोग करेगा या प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक पदार्थ, घातक तरल पदार्थ बंद डिब्बों, कांच की बोतलों में लेकर नहीं चलेंगे व ना ही इसका प्रयोग करेंगे।

आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी की स्वीकृति के बिना किसी भी सार्वजनिक स्थल पर राजनैतिक प्रयोजन के लिए जुलूस, सभा, धरना, भाषण आदि का नहीं करेगा। ना ही संबंधित पुलिस उपायुक्त की अनुमति के बिना ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग करेगा। इसका प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक पूर्णतः प्रबंधित रहेगा। ऐसे आयोजनों में कोई इस प्रकार का कृत्य नहीं करेगा जिससे यातायात व्यवस्था, जन व्यवस्था एवं जनशक्ति विक्षुब्ध हो। (यह प्रतिबन्ध शवयात्रा पर लागू नहीं होगा। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भावना को क्षुब्ध करने वाले तथा उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा, ना ही ऐसा कोई भाषण या उद्बोधन देगा, ना ही ऐसे किसी पेम्पलेट, पोस्टर या अन्य प्रकार की चुनाव सामग्री छापेगा या छपवायेगा, वितरण करेगा या वितरण करवायेगा और ना ही किसी एम्पलीफायर, रेडियो, टेपरिकार्डर, लाउडस्पीकर, ऑडियो-वीडियो कैसेट या अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के माध्यम से इस प्रकार का प्रचार प्रसार करेगा अथवा करवायेगा व ना ही ऐसे कृत्यों के लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा।

आदेश के तहत इन्टरनेट अथवा सोशल मीडिया यथा फेसबुक, एक्स, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सअप, यूट्यूब आदि के माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या विघटनकारी दुष्प्रचार नहीं करेगा तथा कोई भी व्यक्ति किसी के भी समर्थन या विरोध में सार्वजनिक एवं राजकीय संपत्तियों पर किसी प्रकार का नारा लेखन या प्रतीक चित्रण नहीं करेगा और ना ही किसी तरह के पोस्टर, होर्डिंग आदि लगायेगा, ना ही सार्वजनिक एवं राजकीय सम्पत्ति का विरूपण करेगा। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर मदिरा का सेवन नहीं करेगा, ना ही अन्य किसी को सेवन करवायेगा, ना ही मदिरा सेवन के लिए दुष्प्रेरित करेगा तथा अधिकृत विक्रेताओं के अलावा कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के अलावा अन्य उपभोग के लिए सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा लेकर आवागमन नहीं करेगा, ना ही इस के लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा, सूखा दिवस पर मदिरा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही जोधपुर आयुक्तालय की सीमाओं में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति ध्वनि प्रसारण यंत्र लगे किसी भी प्रकार के वाहन का उपयोग नहीं करेगा तथा . मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरूद्वारों या पूजा के अन्य स्थान का चुनाव प्रचार मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा।

आदेशानुसार मतदाताओं को वाहनों से मतदान केन्द्रों तक ले जाने और वहां से वापस लाने पर पूर्णतः रोक रहेगी तथा कोई भी मताधिकार को प्रभावित करने वाले नियम विरुद्ध विधि विरूद्ध कृत्य नहीं करेगा। आदेश के तहत चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन नहीं करेगा तथा जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण क्षेत्र में जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के निर्वाचित किसी भी सदस्य/जिला प्रमुख/उप जिला प्रमुख/प्रधान/उप प्रधान/पंच/सरपंच द्वारा किसी प्रकार का विजय जुलूस नहीं निकाला जावे।

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर शाहीन सी ने बताया कि यह आदेश 5 अक्टूबर, को तत्काल प्रभाव से लागू होकर 29 नवंबर तक प्रभावी होगा। इस निषेधाज्ञा की अवहेलना या उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 एवं अन्य विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

थिंक राजस्थान • फलौदी

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की घोषणा के साथ ही जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया, निर्वाचन गतिविधियों और आदर्श आचार संहिता के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों एवं संभावित अभ्यर्थियों से नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने की अपील की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया ने चुनाव प्रचार सामग्री मुद्रण के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक मुद्रित प्रचार सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता,प्रसार संख्या तथा निर्धारित विवरण अंकित करना अनिवार्य होगा। साथ ही सार्वजनिक संपत्ति विरूपण संबंधी नियमों की भी सख्ती से पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान उम्मीदवार को किसी भी तरह की रैली के आयोजन की अनुमति नहीं होगी।

जिला परिषद सदस्य के लिए अधिकतम तीन, पंचायत समिति सदस्य के लिए अधिकतम दो एवं सरपंच पद के लिए अधिकतम एक गाड़ी लाने की अनुमति होगी। निर्वाचन के परिणाम के पश्चात् विजय जुलूस निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव व्यय की अधिकतम सीमा जिला परिषद सदस्य पद के लिए 3 लाख रुपये तथा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 1.50 लाख रुपये तथा सरपंच के लिए 1 लाख रुपए निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय रिटर्निंग अधिकारी / सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अधिकतम 05 लोग (उम्मीदवार सहित) ही अनुमत होंगे। साथ ही नामांकन के दौरान उम्मीदवार को किसी भी तरह की रैली के आयोजन की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिमांशु ने जीता सिल्वर मेडल

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

सेहवाज के होनहार खिलाड़ी हिमांशु रूल ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 68 किलोग्राम भार वर्ग (छात्र वर्ग) में सिल्वर मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से सेहवाज गांव सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हिमांशु ने प्रतियोगिता के कड़े मुकाबलों में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और कुश्ती कौशल का परिचय दिया। राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर उन्होंने अपने जिले, क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया।

हिमांशु की सफलता पर ग्रामीणों और खेलप्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। हिमांशु की सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रशिक्षक मुकेश त्रिवेदी के मार्गदर्शन और प्रधानाचार्य चैला राम वारेश के प्रोत्साहन को भी दिया जा रहा है।

नवरात्रि महोत्सव 11 अक्टूबर से, घर-घर होगी घट स्थापना

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत रविवार, 11 अक्टूबर से होगी। नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना, पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन होगा।नवरात्रि को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। घर-घर घट स्थापना की जाएगी, वहीं शहर के विभिन्न माता मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है।

शहर के आशापुरा माता मंदिर, नवोड़ा बेरा माताजी मंदिर, पीपलाज माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर सहित विभिन्न माताजी मंदिरों में घट स्थापना के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ होगा। नवरात्रि के दौरान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।नवरात्रि महोत्सव के दौरान शहर के कई स्थानों पर डांडिया एवं गरबा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वार्ड नंबर 12 में डांडिया नवरात्रि महोत्सव समिति की ओर से आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन आयोजनों में स्थानीय कलाकारों के साथ बाहरी कलाकार भी भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे।

वहीं खेजड़ला गांव की पहाड़ी पर स्थित भेसाद माता मंदिर तथा रियां सेठों की गांव की पहाड़ी पर स्थित माताजी मंदिर में भी नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन होगा। इन धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।पंडित विजय व्यास के अनुसार, इस वर्ष नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं घट स्थापना की जाएगी।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 की तैयारियों की जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें: आलोक रंजन

8 अक्टूबर को जारी होगी लोकसूचना, नामांकन एवं मतदान संबंधी तैयारियों के निर्देश

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आलोक रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को अटल सेवा केन्द्र सभागार में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न निर्वाचन प्रकोष्ठों के प्रभारी एवं सहप्रभारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनाव की तैयारियों, प्रकोष्ठवार कार्यों एवं आगामी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में पंचायतीराज आम चुनाव दो चरणों में होंगे। प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिए 8 अक्टूबर को लोकसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों का सत्यापन से संबंधित कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा।

आलोक रंजन ने कहा कि सभी अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर उनकी अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग को भेजी जाने वाली समस्त रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रेषित करने तथा निर्वाचन संबंधी आंकड़ों को नियमित रूप से अपडेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

प्रकोष्ठवार कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के सुचारू संचालन के लिए गठित विभिन्न प्रकोष्ठ अपने दायित्वों के अनुरूप कार्य तत्काल प्रारम्भ करें। उन्होंने निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आयोजित करने तथा नियुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा मतदान दलों के गठन की कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों की रवानगी स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा नियंत्रण कक्ष को सतत सक्रिय रखने के निर्देश दिए। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त निर्वाचन संबंधी प्रकरणों एवं जिज्ञासाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक प्रकोष्ठ द्वारा अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए आगामी कार्य जिला स्तर पर निर्धारित कैलेंडर के अनुसार संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जवाहर चौधरी सहित विभिन्न निर्वाचन प्रकोष्ठों के प्रभारी एवं सहप्रभारी उपस्थित रहे। रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

राजस्थान पुलिस की ऐतिहासिक पहल: हाइटेक होगी बीट पुलिसिंग, नौ जिलों का प्रथम चरण में चयन कर नवीन बीट प्रणाली लागू, शेष जिलों में चरणबद्ध होगा विस्तार

बीट पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए BP&RD के साथ एमओयू

BP&RD देगा विशेषज्ञ मार्गदर्शन, प्रशिक्षण सामग्री एवं क्रियान्वयन का ढांचा; परिचालन जिम्मेदारी राजस्थान पुलिस की

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान में बीट पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह, जनोन्मुखी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस और ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPR&D), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य सोमवार को पुलिस मुख्यालय, जयपुर में महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू डीजीपी/आईजीपी कांफ्रेंस 2025 की सिफारिशों के अनुरूप बीट स्तर की पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के लिए तैयार एक वर्षीय एक्शन प्लान के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और BPR&D के महानिदेशक आलोक मित्तल की मौजूदगी में राजस्थान पुलिस की ओर से उप महानिरीक्षक (अपराध) श्री दीपक भार्गव और ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट की ओर से उप महानिरीक्षक, नेशनल पुलिस मिशन, BPR&D, डॉ.किरण कंग सिद्धू ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू पर हस्ताक्षर के पश्चात बीपीएंडआरडी के महानिदेशक आलोक मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिसिंग में बीट ही बेसिक है। बीट पुलिसिंग की महत्ता को अनुभूत करते हुए डीजीपी/आईजीपी कांफ्रेंस 2025 की सिफारिशों में एक वर्षीय एक्शन प्लान तैयार करने के माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों की अनुपालना में गोवा के बाद राजस्थान पुलिस का यह दूसरा एमओयू है। उन्होंने कहा कि एमओयू के तहत बीपीएंडआरडी द्वारा राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस प्रकार के एमओयू से एक दूसरे राज्य की बेस्ट प्रेक्टिसेज से सीखने को मिलेगा। उन्होंने राजस्थान पुलिस के बीट क्लस्टर कांसेप्ट की भी सराहना की।

इससे पहले महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में बीट पुलिसिंग को पुलिस एवं आमजन के बीच सबसे महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु बताते हुए इसे और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग के परंपरागत कार्यों से हटकर अब तकनीक के सहयोग से धरातल पर बेहतर परिणाम दिखाई देंगे। उन्होंने

चंडीगढ़ की बीट बुक प्रेक्टिस की सराहना की और इसे अपनाने की प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने कहा कि यह एमओयू बीट पुलिसिंग को अधिक व्यवस्थित, जवाबदेह, जनसहभागी, सूचना आधारित एवं तकनीक-सक्षम बनाने के साथ-साथ अपराध की रोकथाम, पुलिस-जन संवाद और स्थानीय स्तर पर पुलिस की प्रभावशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान उन्होंने नवीन विधिक संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान के प्रयासों के बारे में बताया और इसी प्रकार की उपलब्धियों के लिए टीम राजस्थान पुलिस को तैयार रहने की बात कही।

राजस्थान की बीट पुलिसिंग पर हुआ प्रस्तुतीकरण

कार्यक्रम की शुरुआत में डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने डीजी बीपीएंडआरडी श्री आलोक मित्तल तथा डीआईजी डॉ.किरण कंग सिद्धू का डीआईजी राशि डोगरा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, श्री संजय अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राजस्थान पुलिस की बेस्ट प्रेक्टिसेज के बारे में जानकारी दी। उप महानिरीक्षक पुलिस, क्राइम ब्रांच, श्री दीपक भार्गव ने राजस्थान में वर्तमान बीट पुलिसिंग व्यवस्था एवं इसकी कार्यप्रणाली पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसके पश्चात उप महानिरीक्षक, नेशनल पुलिस मिशन, बीपीएंडआरडी की डॉ.किरण कंग सिद्धू ने बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के लिए बीपीएंडआरडी की ओर से तैयार कार्ययोजना एवं सहयोग के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। एमओयू के तहत कार्ययोजना के प्रथम चरण में प्रत्येक रेंज के एक—एक, कुल नौ जिलों का चयन करते हुए नवीन बीट प्रणाली को लागू किया गया है। इसें तहत सीकर, जयपुर उत्तर, धौलपुर, डीडवाना-कुचामन, कोटा शहर, डूंगरपुर, चूरू, जैसलमेर एवं जोधपुर पश्चिम को शामिल किया गया है। प्रथम चरण के अनुभवों, उपलब्धियों एवं अच्छे नवाचारों के आधार पर इसके बाद प्रदेशभर के शेष जिलों में नवीन बीट प्रणाली लागू की जाएगी। इस पहल के तहत बीट संरचना को जनसंख्या, अपराध की स्थिति, भौगोलिक परिस्थितियों तथा शहरी-ग्रामीण स्वरूप के आधार पर युक्तिसंगत बनाया जाएगा। बीट स्तर पर हॉटस्पॉट, संवेदनशील स्थानों, महत्वपूर्ण संस्थानों एवं अन्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करते हुए जियो-मैप्ड बीट प्रोफाइल तैयार किए जाएंगे।

सामुदायिक सहभागिता और सूचना तंत्र मजबूत

बीट पुलिसिंग को जनसहभागिता से जोड़ते हुए कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (CLG), पुलिस मित्र एवं अन्य सामुदायिक माध्यमों को मजबूत किया जाएगा। नो यूअर बीट आफिसर जैसी पहल के माध्यम से पुलिस एवं आमजन के बीच नियमित संवाद को संस्थागत स्वरूप दिया जाएगा। विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों के साथ लक्षित संवाद पर भी विशेष जोर रहेगा। बीट बुक, विलेज क्राइम नोट बुक, डिजिटल बीट प्रोफाइल एवं अपराध/हॉटस्पॉट मैपिंग के माध्यम से स्थानीय सूचनाओं के कानूनसम्मत संग्रह, सत्यापन एवं उपयोग की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

राजकॉप ई-बीट बुक को करेंगे और सशक्त

बीट पुलिसिंग में तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए राजकॉप ई-बीट बुक की क्षमताओं को और विकसित किया जाएगा। जीपीएस, जियो-टैगिंग, क्यूआर आधारित सुविधाएं, डिजिटल दस्तावेजीकरण एवं डैशबोर्ड जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं का आवश्यकता के अनुरूप उपयोग किया जाएगा। इससे बीट स्तर की गतिविधियों की निगरानी, सूचना का अद्यतन एवं पर्यवेक्षण अधिक प्रभावी हो सकेगा। कार्ययोजना के तहत की परफोरमेंस इंडीकेटर के आधार पर बीट पुलिसिंग की प्रभावशीलता की समीक्षा की जाएगी। बीट, पुलिस थाना, जिला/कमिश्नरेट एवं राज्य स्तर पर संरचित रिपोर्टिंग व्यवस्था विकसित की जाएगी तथा अच्छे कार्यों एवं नवाचारों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। बीट अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रारंभिक एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण, ट्रेनर्स की ट्रेनिंग तथा कैस्केड ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राजस्थान पुलिस करेगी परिचालन क्रियान्वयन

एमओयू के तहत बीपीएंडआरडी द्वारा सामान्य क्रियान्वयन ढांचा, प्रशिक्षण सामग्री, मॉडल प्रारूप, समीक्षा उपकरण एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं बीट पुलिसिंग की मैदानी एवं परिचालन व्यवस्था, स्थानीय स्तर पर आवश्यक आदेश, मानव संसाधन, लॉजिस्टिक्स, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीक एवं अन्य परियोजना संबंधी आवश्यकताओं की जिम्मेदारी राजस्थान पुलिस की रहेगी। इस मौके पर महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, श्री संजय अग्रवाल, महानिदेशक पुलिस, यातायात श्रीमती मालिनी अग्रवाल सहित पुलिस मुख्यालय के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महानिरीक्षक पुलिस (क्राइम) श्री शरत कविराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद बीपीएंडआरडी के अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

ब्रीफ न्यूज

जयकारों से गूंजेगा स्वर्णकार समाज माताजी मंदिर, दुर्गा पूजा महोत्सव 11 से

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

गिणाणी बास स्थित माताजी मंदिर में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान के तत्वावधान में मेढ़ क्षेत्रीय स्वर्णकार युवा मंडल द्वारा 26वां दुर्गा पूजा महोत्सव 11 से 20 अक्टूबर तक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत 11 अक्टूबर को दोपहर 3:15 बजे 501 फीट चुनरी यात्रा से होगी। यात्रा सत्यनारायण लावट के घर से रवाना होकर माताजी मंदिर पहुंचेगी। इसी दिन से नवपारायण का आयोजन भी होगा। महोत्सव के दौरान 12 अक्टूबर को ब्रह्माणी माता मंगल पाठ, 13 अक्टूबर को डांडिया उत्सव, 15 अक्टूबर को वेशभूषा प्रतियोगिता व ताली कीर्तन तथा 16 अक्टूबर को समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह होगा। 18 अक्टूबर को रात 9:15 बजे विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का समापन 20 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। आयोजन को लेकर समाजबंधुओं में उत्साह है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस दौरान अध्यक्ष रतनलाल डांवर, उपाध्यक्ष धर्मचंद जोडा, युवा मंडल अध्यक्ष शेखर ढल्ला सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

राजस्थान बोर्ड में बड़ा बदलाव: 10वीं की बोर्ड परीक्षा अब साल में दो बार

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 10वीं और प्रवेशिका की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार कराने का निर्णय लिया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में मुख्य परीक्षा और दूसरी मई में सुधारात्मक परीक्षा होगी। मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी अधिकतम तीन विषयों में अंक सुधार के लिए दूसरी परीक्षा दे सकेंगे। दोनों परीक्षाओं में विषयवार मिले उच्चतम अंक अंतिम परिणाम में शामिल होंगे। दूसरी परीक्षा नहीं देने वाले विद्यार्थियों का प्रमाणपत्र मुख्य परीक्षा के अंकों के आधार पर जारी होगा। नई व्यवस्था में पूरक परीक्षा समाप्त कर दी गई है। अधिकतम दो विषयों में 33 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले या एक विषय में अनुत्तीर्ण और एक में अनुपस्थित विद्यार्थियों को 'Essential Improvement (EI)' के तहत सुधारात्मक परीक्षा का अवसर मिलेगा। तीन या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित विद्यार्थियों का परिणाम 'Essential Repeat (ER)' रहेगा और उन्हें अगले सत्र में सभी विषयों की परीक्षा देनी होगी। बोर्ड के अनुसार दोनों परीक्षाओं का पाठ्यक्रम और परीक्षा योजना समान रहेगी। आंतरिक मूल्यांकन एक बार होगा तथा मुख्य परीक्षा का प्रदर्शन 'राज ई-वॉल्ट' पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके आधार पर कक्षा 11 में अस्थायी प्रवेश दिया जा सकेगा।

पक्ष-विपक्ष अब सकारात्मक सोच के साथ कस्बे के विकास में जुटेगा: पालावत

बाण गंगा, कल्पवृक्ष, आईमाता मन्दिर, हषदिवल, राजोलाव तालाब का सौंदर्यकरण कराएंगे, ताकि धार्मिक नगरी का स्वरूप बना रहे

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

जीजी माता पॉल मन्दिर प्रांगण में नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष एवं सभी पार्षदो के नागरिक अभिनन्दन समारोह को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष महेंद्र पालावत ने कहा कि चुनाव संपन्न होने ओर नया बोर्ड बनने के साथ ही अब हम सभी पक्ष- विपक्ष सकारात्मक सोच के साथ कस्बे के विकास के लिए बुनियादी कार्य करेंगे। अब प्राथमिकता उन कार्यों को देंगे जिससे बाण गंगा, कल्पवृक्ष, आईमाता मन्दिर, हर्षादेवल,राजोलाव तालाब का सौंदर्य बढ़े।

स्वच्छता अभियान के अलावा शिविर लाइन के कारण टूटी हुई सभी सड़को का गुणवत्ता के साथ पुनर्निर्माण हो, पेयजल की सुचारू रूप से प्रत्येक वार्ड में आपूर्ति हो, वार्ड के अंतिम छोर तक रोड लाइट का विस्तार हो,बाणगंगा

तीर्थ की सुंदरता बढ़े, यात्रियों को सभी सुविधाए प्राप्त हो।कुंडों की समय समय पर साफ सफाई होती रहे तथा खारियामिठापुर से बिलाड़ा तक के सड़क मार्ग का दुरुस्तीकरण हो इसके लिए विधायक अर्जुनलाल गर्ग का सहयोग मिलेगा।

माताजी मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष रूपाराम चांदावत, माधोसिंह राठौड़, सुजानसिंह हाम्बड़,एवं नेमाराम राठौड़ ने पालिकाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सभी पक्ष विपक्ष के पार्षदो को पचरंगे साफे बंधवाए, महिला पार्षदो को चुनरिया ओढाई गई, स्मृति चिन्ह भेंट किये।इस अवसर पर राजस्थान सीरवी महासभा के अध्यक्ष धन्नाराम लालावत, नगर मण्डल अध्यक्ष माधोसिंह, सिक्षाविद् दलपतसिंह हाम्बड़,ने भी अपने विचार व्यक्त कर कहा कि सभी पार्षदो का एक ही लक्ष्य होना चाहिए और वो हो कस्बे के विकास और धार्मिक नगरी जैसा स्वरूप।ढाई घंटे तक चले मान सम्मान के कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री तरुण मुलेवा ने किया। आयोजन के दौरान पार्षदों के अलावा कस्बे के भामाशाहों एवं समाजसेवी कार्यक्रमों का भी नागरिक अभिनंदन किया गया।

---

50 लाख कीमत की अंग्रेजी शराब से भरा कंटेनर जब्त

प्लास्टिक के कचरे की आड़ में छुपा कर राजस्थान से गुजरात तस्करी, एक गिरफ्तार



थिंक राजस्थान • माउंट आबू

सिरोही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब 90 कार्टन में भरकर एक कंटेनर के माध्यम से गुजरात सप्लाई की लिए जा रही थी । उस कंटेनर व उसमें प्लास्टिक के कट्टो की आड़ में छुपा कर के रखी गयी शराब को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है ।

सिरोही पुलिस को इस कंटेनर में संदिग्ध परिस्थितियों प्रतीत होने पर इसकी तलाशी ली गई तो इस कंटेनर में अपशिष्ट यानी कचरा भरा हुआ पाया गया । पुलिस को इस तरह की गतिविधियों पर शक हुआ तो ट्रक चालक की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत हुई इसके बाद पुलिस ने प्लास्टिक व अन्य कट्टो को सघन रूप में जांच की तो इसमें अवैध रूप से चंडीगढ़ से निर्मित 90 कार्टन शराब के भरे हुए मिले । जिसके आधार पर पुलिस ने एक मुलाजिम को गिरफ्तार किया है जिसने भारी मात्रा में शराब को राजस्थान के ब्यावर से भरकर के चोटिला (गुजरात) में ले जाकर छोड़ने की बात कबूल की है पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र सिंह राठौड़ ने समस्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह कंटेनर एक कचरे के रूप में भरा हुआ पाया गया । जिसके आधार पर पुलिस का शक इस पर अधिक हो गया और इसकी जांच रोक कर सघन तरीके से की गई तो इसके पीछे 90 कार्टन चंडीगढ़ निर्मित अँग्रेजी शराब छुपाकर रखी पायी गयी। इसी आधार पर पुलिस ने मनोज पुत्र लायक सिंह जाति राजपूत आयु 42 साल निवासी रानीपुर पुलिस थाना चित्र द्वारा जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पंचायत चुनाव: तबादला-पदस्थापन आदेश 7 अक्टूबर तक लागू करने के निर्देश

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव की घोषणा के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानान्तरण एवं पदस्थापन से जुड़े आदेशों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव की घोषणा से पूर्व स्थानान्तरण/पदस्थापन के लिए जारी किए गए आदेशों की पालना 7 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 3 अक्टूबर 2026 को पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव की घोषणा की गई थी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव राजेश वर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव की घोषणा से पूर्व स्थानान्तरण एवं पदस्थापन के लिए जारी आदेशों का निर्धारित समय सीमा में क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

▪ **प्रक्रियाधीन भर्तियों में पदस्थापन को छूट:** आयोग ने प्रक्रियाधीन भर्तियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण शिथिलन दिया है। आदेश के अनुसार, प्रक्रियाधीन भर्तियों में रिक्त पदों पर पदस्थापन किए जाने के संबंध में शिथिलन प्रदान किया गया है। आयोग ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आदेशानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

अर्जुनसिंह बोचावत का बढ़ता राजनीतिक कद: प्रदेश महासचिव निर्वाचित

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

बिलाड़ा नगर पालिका के पार्षद अर्जुनसिंह बोचावत का राजनीतिक सफर अब स्थानीय राजनीति से निकलकर प्रांतीय स्तर तक पहुंच गया है। हाल ही राजस्थान में संम्पन हुवे युवा कांग्रेस चुनाव राजस्थान के प्रदेश महासचिव पद पर निर्वाचित होने के बाद संगठन में उनकी भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ी है। अर्जुनसिंह बोचावत ने छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करते हुए विभिन्न संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और धीरे-धीरे बिलाड़ा विधानसभा से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी सक्रियता दर्ज कराई।

अर्जुनसिंह बोचावत के राजनीतिक सफर की शुरुआत एनएसयूआई से हुई। छात्र संगठन से जुड़े रहते हुए उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 2019 की एनएसयूआई की बिलाड़ा विधानसभा के संगठनात्मक विस्तार के दौरान अर्जुनसिंह बोचावत का नाम ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में दर्ज है। इस के साथ ही युवा कांग्रेस में उनकी सक्रियता बढ़ी। वे युवा कांग्रेस बिलाड़ा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी तक पहुंचे। राजस्थान युवा कांग्रेस के 2023 के चुनाव में भी बिलाड़ा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अर्जुन सिंह बोचावत निर्वाचित हुए।

पालिका में नेता प्रतिपक्ष रह चुके

नगर पालिका की राजनीति में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष सहित विभिन्न जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को उठाने, नगर की व्यवस्थाओं और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करने के कारण उनकी राजनीतिक सक्रियता लगातार चर्चा में रही है।

स्थानीय मुद्दों से प्रदेश संगठन तक

अर्जुनसिंह बोचावत की राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय समस्याओं को संगठनात्मक मुद्दों से जोड़ना रहा है। बिलाड़ा में पानी, सड़क, सफाई, अस्पताल, परिवहन और नगर पालिका से जुड़े विभिन्न जनमुद्दों पर उनकी सक्रियता देखने को मिली है। युवा कांग्रेस के कार्यक्रमों में भी उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को संगठन से जोड़ने और विभिन्न अभियानों में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। राजनीतिक यात्रा में छात्र राजनीति, युवा कांग्रेस संगठन और नगर पालिका की राजनीति—तीनों स्तरों का अनुभव दिखाई देता है। इसी क्रम में अब युवा कांग्रेस राजस्थान के प्रदेश महासचिव के रूप में उन्हें प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है।

बिलाड़ा की राजनीति से राजस्थान के संगठन तक

प्रदेश महासचिव निर्वाचित होना अर्जुनसिंह बोचावत के राजनीतिक सफर में एक नया पड़ाव माना जा रहा है। इससे पहले वे एनएसयूआई में सक्रिय रहे, युवा कांग्रेस बिलाड़ा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली, नगर पालिका की राजनीति में पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष के रूप में भूमिका निभाई और अब प्रदेश संगठन में जिम्मेदारी तक पहुंचे हैं। अर्जुनसिंह बोचावत का कहना है कि संगठन द्वारा दी गई प्रत्येक जिम्मेदारी उनके लिए सेवा का माध्यम रही है। प्रदेश महासचिव के रूप में उनकी प्राथमिकता युवाओं की आवाज को संगठन के मंच तक पहुंचाना, युवा कार्यकर्ताओं को मजबूत करना और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाना होगी। बिलाड़ा की स्थानीय राजनीति से शुरू हुआ यह सफर अब राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन तक पहुंच चुका है। आने वाले समय में प्रदेश महासचिव के रूप में उनकी नई भूमिका संगठन और युवा राजनीति में उनके लिए एक नई जिम्मेदारी का अध्याय होगी। प्रदेश महासचिव बनने पर जिलाध्यक्ष गीता बरवड़,पूर्व विधायक हीराराम मेघवाल, कांग्रेस नेता परसराम बिश्नोई, विधानसभा प्रत्याशी मोहनलालकटारिया, उप जिला प्रमुख विक्रमसिंह बिश्नोई,ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन , शिवप्रकाश चौधरी, सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी।

रॉयल कलेक्शन: देशभर से आए डिजाइनर्स, मॉडर्न फैशन को राजस्थानी स्टाइल से जोड़ा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में हैरिटेज डोर सीजन-3 'द रॉयल प्रिव्यू' का फर्स्ट लुक लॉन्च किया गया। इसमें फैशन एवं ज्वैलरी डिजाइनर्स ने अपने आगामी शो में प्रस्तुत किए जाने वाले अपने कलेक्शन की पहली झलक पेश की। राजस्थान की पारंपरिक कला, टैक्सटाइल, शिल्प और राजसी सौंदर्य को आधुनिक फैशन के साथ जोड़ते हुए पेश किया गया।

मानसरोवर स्थित अनन्त महल में हुए आयोजन में आयोजक शिवाली गुप्ता, सोनाली खंडेलवाल और प्रिया दीवान ने बताया कि 'द रॉयल प्रिव्यू' का उद्देश्य मुख्य फैशन शो से पहले डिजाइनर्स के कलेक्शन की झलक दर्शकों और फैशन जगत के सामने रखना था। इस दौरान डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन की थीम, रंगों और डिजाइन की झलक पेश की, जिससे आगामी हैरिटेज डोर सीजन-3 को लेकर उत्सुकता बढ़ी। शो में डिजाइनर्स ने राजस्थान की पारंपरिक विरासत को केवल पारंपरिक परिधानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आधुनिक फैशन की जरूरतों के अनुरूप प्रस्तुत किया। पारंपरिक टेक्सटाइल, राजस्थानी कला, शिल्प और रंगों से प्रेरित डिजाइन्स में आधुनिक कट, सिल्हूट और स्टाइलिंग का इस्तेमाल देखने को मिला। शो डायरेक्टर अभिमन्यु सिंह तोमर के निर्देशन में हुए 'द रॉयल प्रिव्यू' में फैशन और ज्वैलरी का खास तालमेल देखने को मिला। डिजाइनर्स के परिधानों के साथ ज्वेलरी कलेक्शन की प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को राजसी अंदाज दिया।

डिजाइनर कपड़ों के साथ ज्वेलरी कलेक्शन से दिखाया राजसी अंदाज

शो में डिजाइनर्स ने राजस्थान की पारंपरिक विरासत को केवल पारंपरिक परिधानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आधुनिक फैशन की जरूरतों के अनुरूप प्रस्तुत किया। पारंपरिक टैक्सटाइल, राजस्थानी कला, शिल्प और रंगों से प्रेरित डिजाइंस में आधुनिक कट, सिल्हूट और स्टाइलिंग का इस्तेमाल देखने को मिला। शो डायरेक्टर अभिमन्यु सिंह तोमर के निर्देशन में हुए 'द रॉयल प्रिव्यू' में फैशन और ज्वेलरी का खास तालमेल देखने को मिला। डिजाइनर्स के परिधानों के साथ ज्वेलरी कलेक्शन की प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को राजसी अंदाज दिया।

इन डिजाइनर्स के कलेक्शन की दिखी झलक

प्रिव्यू में ऋषि विभूति, प्रताप संस, गजल मिश्रा, दिग्विजय सिंह और अन्यसा सहित फैशन डिजाइनर्स के कलेक्शन की झलक प्रस्तुत की गई। वहीं गौरी ज्वेल्स, के.के. ज्वेल्स, कॉन्शियस कैरेट और माधुरी जेम्स के ज्वैलरी कलेक्शन भी आकर्षण का केंद्र रहे। डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन के माध्यम से राजस्थान की कला और विरासत से जुड़े तत्वों को समकालीन फैशन के साथ जोड़ा। शो में पेश किए गए फर्स्ट लुक ने यह संकेत दिया कि मुख्य फिनाले में दर्शकों को इससे कहीं अधिक विस्तृत और भव्य कलेक्शन देखने को मिलेगा।

फिनाले में पूरा कलेक्शन होगा प्रदर्शित

आयोजकों के अनुसार- 'द रॉयल प्रिव्यू' में डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन का केवल फर्स्ट लुक प्रस्तुत किया है। आगामी फिनाले शो में सभी डिजाइनर्स अपने पूरे कलेक्शन के साथ मंच पर उतरेंगे। ऐसे में प्रिव्यू के दौरान दिखाई गई झलक ने फैशन प्रेमियों और डिजाइनिंग से जुड़े लोगों के बीच मुख्य शो को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। हैरिटेज डोर सीजन-3 का आयोजन भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान सरकार के पुरातत्व विभाग और राजस्थान पर्यटन के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों के मुताबिक इसका उद्देश्य राजस्थान की पारंपरिक वस्त्र कला और समृद्ध विरासत को देश और दुनिया के फैशन मंच तक पहुंचाना है। आयोजकों ने बताया कि हैरिटेज डोर के माध्यम से स्थानीय शिल्पकारों, डिजाइनर्स और फैशन से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रभावी मंच उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। राजस्थान की पारंपरिक कला और शिल्प को समकालीन डिजाइनिंग से जोड़कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। हैरिटेज डोर सीजन-3 का मुख्य शो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगा। इसमें राजस्थान की विरासत, पारंपरिक शिल्प, टेक्सटाइल आर्ट और आधुनिक फैशन को एक भव्य मंच पर एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। 'द रॉयल प्रिव्यू' में पेश किए गए डिजाइनर्स अपने पूरे कलेक्शन के साथ फिनाले में शामिल होंगे।

ब्रीफ न्यूज

मनचला अरेस्ट: दोस्ती करने का बना रहा था दबाव, फोटो वायरल की देता था धमकी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर की महिला पेट्रोलिंग कालिका टीम ने एक मनचले युवक को सोमवार दोपहर अरेस्ट किया। वह एक युवती से जबरन बात कर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर युवती की फोटोज वायरल करने की धमकी देता था। पुलिस की ओर से फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया- महिला पेट्रोलिंग कालिका टीम को कॉल कर एक युवती ने शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि नितिन नाम का लड़का उसे कॉल-मैसेज कर परेशान करता है। जबरन बात कर दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। समझाने की कोशिश करने पर जोर-जोर से चिल्लाकर कहने लगा अगर बात नहीं करेगी तो सबक सिखाऊंगा। मेरी फोटोज वायरल करने की धमकी देता है। कालिका टीम ने शिकायत पर तुंरत कार्रवाई करते हुए आरोपी मनचले युवक नितिन को धर-दबोचा। आरोपी युवक को अरेस्ट कर हवालात में बंद किया गया। डीसीपी अनुष्ठा कालिया का कहना है कि टूरिस्ट सीजन को देखते हुए पर्यटकों की सिक्योरिटी के लिए पर्यटनस्थलों के आस-पास कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की विशेष गश्त लगाई गई है। भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने वाली सभी लड़कियों/महिलाओं को अपने मोबाइल में निर्भया हेल्पलाइन के 5 मोबाइल नंबर (8764866090, 8764866091, 8764866092, 8764866093 और 8764866094) को निर्भया 1, 2, 3, 4 व 5 के नाम से अपने मोबाइल में सेव करने चाहिए। किसी प्रकार की परेशानी सामने आने पर या विषम परिस्थितियां में तत्काल मदद के लिए इन मोबाइल नंबरों पर लिखित, मौखिक या ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भेजी जा सकती है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे काम करती है।

पड़ोसी युवक ने डरा-धमकाकर किया नाबालिग से रेप

थिंक राजस्थान • जयपुर

पड़ोसी युवक ने डरा-धमकाकर 16 साल की लड़की से रेप किया। पिछले दो सालों से पड़ोसी होने का फायदा उठाकर आरोपी युवक ने ब्लैकमेल कर नाबालिग से रेप करता रहा। लड़की के विरोध करने पर आरोपी युवक उसे बदनाम करने की धमकी देता था। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी पड़ोसी युवक को अरेस्ट किया है। एसीपी ने बताया कि जयपुर की रहने वाली 16 साल की लड़की से रेप हुआ है। पड़ोसी होने के कारण आरोपी युवक को वह जानती है। आरोप है कि पड़ोसी युवक से उसकी बातचीत होती रहती थी। करीब 2 साल पहले आरोपी युवक ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। जिसके बाद दो सालों से ब्लैकमेल कर आरोपी युवक उसका देहशोषण करता रहा। विरोध करने पर गाली-गलौच कर बदनाम करने की धमकी दी। एसीपी ने बताया कि ब्लैकमेल कर देहशोषण के टॉर्चर से परेशान होकर नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत FIR दर्ज की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर बयान दर्ज कर आरोपी पड़ोसी युवक को अरेस्ट किया।

50 से ज्यादा मकानों-दुकानों पर चला बुलडोजर: दीवार, छत व सीढ़ियां तोड़ीं

न्यू सांगानेर रोड पर गुर्जर की थड़ी चौराहे से सोडाला तिराहे तक करीब 3 KM एरिया में 210 अवैध निर्माण और हटेंगे

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) ने सोमवार को न्यू सांगानेर रोड पर 50 से ज्यादा मकान-दुकानों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। गुर्जर की थड़ी चौराहे से सोडाला तिराहे तक करीब 3 KM एरिया में कुल 260 अवैध निर्माण हटाए जाने हैं। यह सड़क 100 फीट चौड़ी है, लेकिन काफी जगह अवैध निर्माण के कारण इसकी चौड़ाई 40 से 60 फीट तक ही रह गई है। आज गुर्जर की थड़ी चौराहे से लजीज रेस्टोरेंट तक 1 KM में सड़क सीमा में आ रहे रैम्प, रेलिंग, फुटपाथ, टिनशेड, सीढ़ियां और बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया। इस दौरान जब एक दुकान की टिनशेड पर बुलडोजर चलाया गया तो व्यापारी बार-बार कहने के बावजूद अंदर ही खड़ा रहा। दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस पूरी सड़क को 100 फीट करने की तैयारी की जा रही है। जेडीए 6 अक्टूबर को कोर्ट में कार्रवाई की पालना रिपोर्ट पेश करेगा। जेडीए की कार्रवाई के दौरान पुलिस का जाब्ता मौके पर तैनात रहा। गुर्जर की थड़ी से न्यू सांगानेर रोड पर संजीवनी हॉस्पिटल की तरफ रास्ता बंद किया गया। ट्रैफिक भी डायवर्ट किया है। जो अवैध निर्माण हटाए गए, उन्हें जेडीए की ओर से पहले ही नोटिस दिया चुका था। इस बीच व्यापारी भी अपने स्तर पर ही अवैध निर्माण हटाते और दुकानें खाली करते नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के समय इस तरह की कार्रवाई से उनके कारोबार पर असर पड़ेगा। उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

पब्लिक पार्क में युवक ने किया सुसाइड: फंदे से लटका

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में पब्लिक पार्क में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। खोह-नागोरियान थाना क्षेत्र में आगरा रोड पर प्रेम नगर पुलिया के पास पब्लिक पार्क में रविवार रात हेमंत राणा (35) ने रस्सी का फंदा लगा लिया। पार्क में सोमवार सुबह लोग घूमने आए तो लोहे के एंगल पर युवक लटका दिखा।

SHO (खोह-नागोरियान) सुनील गोदारा ने बताया- करौली के सपोटरा निवासी हेमंत ऑटोरिक्शा चलाता था। हेमंत गोनेर रोड पर सुंदर विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। हेमंत ऑटोरिक्शा लेकर रविवार शाम को काम पर जाने की कहकर घर से निकला था। पार्क में घूमने आए लोगों ने युवक के आत्महत्या करने की सूचना दी। सूचना पर खोह-नागोरियान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने FSL टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद फंदे से शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए जेएनयू हॉस्पिटल भिजवाया। पुलिस ने मृतक के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। पुलिस की ओर से मर्ग दर्ज कर सुसाइड के कारण का पता लगाया जा रहा है।

गोल्डन एरा शो: डॉक्टर्स, आईएएस व जजेज ने सुनाए 60 के दशक से अब तक के गाने

थिंक राजस्थान • जयपुर

हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के सदाबहार गीतों को समर्पित गोल्डन एरा शो का 13वां संस्करण बिड़ला सभागार में आयोजित किया गया। हेल्दी स्माइल्स ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1960 के दशक से लेकर नए लोकप्रिय हिंदी फिल्मी गीतों की गायन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को संगीत के अलग-अलग दौर की यादों से रूबरू कराया। कार्यक्रम में पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के मैशअप और मेडले मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम में अल्पना राव ने 'जवानी जानेमन' गीत की प्रस्तुति से शुरुआत की। इसके बाद ऋचा खोड़ा ने 'ये लो मैं हारी पिया' गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। के.पी. सक्सेना ने 'मुझे दुनिया वालों' को अपने अंदाज में पेश किया। इसके बाद उन्होंने 'दीवाने हैं दीवानों को' और 'कान में झुमका' गीतों का मेडले प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी, डॉक्टर्स और जजेज ने प्रोफेशनल सिंगर्स की अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

किसान को प्रोडक्ट का उद्यमी और निर्यातक बनाना जरूरी

जयपुर। जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से वैदिक औषधीय पादप केंद्र में जैविक और प्राकृतिक कृषि उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से करीब 150 किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर जैविक खेती को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम संयोजक और एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा- भारत को जैविक और प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए गांव और किसान को केंद्र में रखना होगा। किसानों को केवल उत्पादक तक सीमित रखने के बजाय उनके उत्पाद का उद्यमी और निर्यातक बनाना जरूरी है।

IHM के 1998-2001 बैच ने मनाई सिल्वर जुबली: 55 पूर्व विद्यार्थी फिर जुटे एक मंच पर

थिंक राजस्थान • जयपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), जयपुर के बैच 1998-2001 के पूर्व विद्यार्थियों ने अपने बैच की सिल्वर जुबली के अवसर पर खास पुनर्मिलन समारोह आयोजित किया। बनी पार्क स्थित आईएचएम जयपुर परिसर में हुए इस आयोजन में देश-विदेश के अलग-अलग शहरों और देशों से 55 पूर्व विद्यार्थी अपने पुराने साथियों से मिलने पहुंचे। 25 साल बाद एक-दूसरे से मिले बैचमेट्स के बीच कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हुईं और माहौल भावुक होने के साथ-साथ खुशनुमा भी रहा। सिल्वर जुबली के मौके पर आयोजित इस मिलन समारोह में बैच के पूर्व विद्यार्थियों के साथ आईएचएम जयपुर के पूर्व एवं वर्तमान शिक्षक भी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों से मुलाकात कर कॉलेज के दिनों को याद किया। लंबे समय बाद अपने साथियों को सामने देखकर कई पूर्व विद्यार्थी भावुक नजर आए, वहीं पुराने दोस्तों के साथ बातचीत और हंसी-मजाक ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने आईएचएम जयपुर में बिताए अपने छात्र जीवन, होटल प्रबंधन की पढ़ाई और प्रशिक्षण, दोस्तों के साथ बिताए समय तथा कॉलेज से जुड़ी यादों को साझा किया। कई विद्यार्थियों के लिए यह मुलाकात 25 वर्ष पुराने रिश्तों को फिर से मजबूत करने का अवसर बनी।

इस पुनर्मिलन की खास बात यह रही कि बैच के पूर्व विद्यार्थी देश के अलग-अलग शहरों के साथ-साथ विदेशों से भी जयपुर पहुंचे। अपने व्यस्त पेशेवर जीवन के बीच सभी का एक जगह जुटना इस आयोजन को खास बनाता है। विद्यार्थियों ने कहा कि आईएचएम जयपुर से जुड़ी यादें आज भी उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इसी जुड़ाव ने उन्हें सिल्वर जुबली के अवसर पर फिर एक साथ आने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने अपने प्रशिक्षण और कॉलेज के अनुभवों को याद किया। शिक्षकों ने भी अपने पूर्व विद्यार्थियों से मिलकर उनके पेशेवर सफर और उपलब्धियों के बारे में जाना। इस दौरान कई पुराने किस्से और यादें साझा हुईं, जिससे परिसर में एक बार फिर कॉलेज के दिनों जैसा माहौल नजर आया। कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शेफ गजराज सिंह एवं अमित डोगरा ने कहा कि यह मिलन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी मित्रता, रिश्तों और यादों को फिर से संजोने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अब हम एक-दूसरे से विदा ले रहे हैं, लेकिन इस वादे के साथ कि जल्द ही फिर मिलेंगे।



चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज

टोकियो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।

इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटपोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज से भारत-वेस्टइंडीज पहला टी-20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।

नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप

बधिर प्रीमियर लीगः कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

विश्व एथलेटिक्स में शामिल अहमदाबाद मैराथन

अहमदाबाद। अडाणी अहमदाबाद मैराथन को 29 नवंबर को होने वाले इसके 10वें संस्करण से पहले विश्व एथलेटिक्स वैश्विक कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है और अब इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग के लिए अंक मिलेंगे। अहमदाबाद मैराथन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी शुरुआत कुछ हजार प्रतिभागियों के साथ हुई थी जबकि पिछले साल इसमें 24000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस मान्यता से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय रोड-रेसिंग कैलेंडर में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैराथन का आयोजन करने से इस प्रतियोगिता को यह मान्यता मिली। यह मान्यता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित

तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।

प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर

वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।

हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे।

टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं।

वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू

लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि

जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।

बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

क्लाउडिया पिना के चार गोल की मदद से बार्सिलोना ने महिला लालिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियाल मैड्रिड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच को देखने के लिए 40,533 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे, जो महिला लालिगा में रिकॉर्ड है।

पिना ने कैम्प नोउ स्टेडियम में खेले गए मैच में अपने सभी गोल हाफ टाइम से पहले किए। उनके अलावा कैरोलिन ग्राहम हैनसेन, ईवा पजोर और सिडनी शेर्टेनलीब ने भी गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इन दोनों क्लबों के बीच अब तक खेले गए 26 मैचों में से बार्सिलोना ने 25 मैच जीते हैं। पिना बार्सिलोना की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने रियाल मैड्रिड के खिलाफ मैच में चार गोल किए।

महिला लालिगा



नेशंस लीगः गोंकालो रामोस ने किया विजयी गोल

पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल

कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।

डेनमार्क ने वेल्स को हराया

वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। होजलुंड की सधी हुई पेनल्टी ने डेनमार्क को इस कैंपेन की दूसरी जीत दिलाई और वेल्स के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को पांच मैचों तक बढ़ा दिया। वेल्स ने मैच की शुरुआत अच्छी की और गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए ब्रेनन जॉनसन और लुईस कौमास के जरिए कई हमले किए। हालांकि, धीरे-धीरे डेनमार्क ने वापसी की और हाफ-टाइम से पहले गुस्ताव इसाकसेन और ओलिवर प्रोवस्टगार्ड गोल करने के करीब पहुंच गए।

नीदरलैंड्स ने सर्बिया को दी मात

आइंधोवन में नीदरलैंड्स ने सर्बिया को 2-1 से हराया। टीम की जीत में जोशुआ जर्कजी का गोल अहम रहा। इस जीत के साथ जावी हर्नांडेज की कोचिंग में नीदरलैंड्स की टीम अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखने में सफल रही। नीदरलैंड्स ने मैच के पहले 30 मिनट में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और बढ़त हासिल कर ली। ट्यून कूपमीनर्स की फ्री-किक खिलाड़ियों की भीड़ के बीच से निकलते हुए सीधे गोल में पहुंची। इसके बाद सर्बिया के मिहाजलो श्वेतकोविच ने हेडर से गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इस गोल के साथ यह सिलसिला जारी रहा कि नीदरलैंड्स ने अब तक अपने हर मैच में गोल किया है, लेकिन हर मैच में गोल भी खाया है। मैच खत्म होने से 19 मिनट पहले जोशुआ जर्कजी ने करीब से शानदार गोल कर नीदरलैंड्स को फिर बढ़त दिला दी। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में दो जीत और दो ड्रॉ का रिकॉर्ड कायम रखा और अपनी अजेय लय बरकरार रखी है।

भगवंत मान और केजरीवाल जवाब दें कि कितना घोटाला हुआ: भाजपा

सरकार के भ्रष्टाचार पर हाई कोर्ट द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश करना दर्शाता है कि आप सरकार ने किस कदर लूट मचा रखी: पात्रा

◆ कहा, भ्रष्टाचार और बदहाल कानून-व्यवस्था पर आम आदमी पार्टी का दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। डॉ. पात्रा ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी रणबीर सिंह गुमान और उनके करीबी लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने विगत 48 घंटों में पंजाब में चार हत्याओं और पुलिसकर्मियों पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से भ्रष्टाचार तथा कानून-व्यवस्था पर जवाब मांगा।

पात्रा ने कहा कि पंजाब में भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार को लेकर कोर्ट में एक बड़ा डेवलपमेंट हुआ है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने एक पीआईएल पर निर्णय दिया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी और उनके करीबी लोगों पर ईडी द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के विषय में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

पंजाब के मुख्यमंत्री, आप के नेता और अरविंद केजरीवाल के खास भगवंत मान के ओएसडी और उनके खास लोगों द्वारा जिस प्रकार का घोटाला किया जा रहा था, उस पर आज पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच को आगे बढ़ाने के साथ-साथ यह भी कहा गया है कि सीबीआई दो महीने, यानी लगभग 60 दिनों के अंदर जांच पूरी करे और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा पहले से ही कहती आ रही थी कि पंजाब में चाहे कानून-व्यवस्था हो या भ्रष्टाचार, सब कुछ चरम पर पहुंचा हुआ है। कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। जो बात भाजपा कह रही थी, उसका पुष्टिकरण स्वयं उच्च न्यायालय ने किया है। पंजाब के सीएम भगवंत मान के खास रणबीर सिंह गुमान उनके ओएसडी हैं। उन पर आरोप लगा था कि वह और उनके कुछ अन्य अधिकारी बिचौलियों का काम करते हैं। अर्थात, सरकार की ओर से मिलने वाले लाभों को कुछ रकम, ब्राइबरी या रिश्वत लेकर लोगों तक किस प्रकार पहुंचाया जाए और बिजनेस इंटरेस्ट के बीच बिचौलिये का काम किया गया, इन सभी विषयों को लेकर एडवोकेट निखिल शराफ ने पंजाब के उच्च न्यायालय में पीआईएल दाखिल की थी। उस पर आज न्यायालय ने सीबीआई जांच के लिए कहा है। अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और भगवंत मान को इस पर सफाई देनी चाहिए कि आखिर कितना घोटाला हुआ है, उनके खुद के सचिव इसमें कितने लिप्त हैं और खुद के सचिव, अर्थात वे स्वयं, किस प्रकार के भ्रष्टाचार और किस प्रकार के घोटाले कर रहे हैं। डॉ. पात्रा ने कहा कि जहां तक कानून-व्यवस्था का विषय है, जब से आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, पंजाब में किस प्रकार की कानून-व्यवस्था है, यह सभी को पता है।

आज से 3 दिन हिमाचल प्रदेश के दौरे पर राष्ट्रपति, अटल टनल भी जाएंगी

एजेंसी ▶▶ मनाली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह बिलासपुर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मनाली के लिए रवाना होंगी और रात में यहीं रुकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे। इसके बाद सीएम एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और दोपहर बाद वापस शिमला लौटेंगे। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे।

हिडिंबा मंदिर में पूजा करेंगी

7 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू पहले अटल टनल रोहतांग जाएंगी। यहां से दोपहर 12 बजे वापस मनाली लौटेंगी। दोपहर बाद हिडिंबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। 8 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह के वक्त वापस दिल्ली लौटेंगी।

खबर संक्षेप

संचार साथी पोर्टल ने पार किए 30 करोड़ विजिट्स

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित संचार साथी पोर्टल ने मई 2023 में शुरू होने के बाद से 30 करोड़ से अधिक विजिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि दूरसंचार-आधारित धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के खिलाफ नागरिकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। संचार साथी महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा मंच बन गया है।

रकुल प्रीत बोलीं- कोई विदेशी लेन-देन नहीं

मुंबई। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खुद को आर्म्ड फोर्सेज के फैमिली में पली बढ़ी सेल्फ-मेड आर्टिस्ट बताते हुए कहा कि वह हमेशा से कानून का पालन करती आई हैं और 20 साल की उम्र से टैक्स भरती आ रही हैं। उनका किसी भी तरह के विदेशी लेन-देन से लेना-देना नहीं है। कुछ लोग बगैर जांच पड़ताल किए मामले को बेवजह बड़ा बना रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद रेप केस में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर लगाए गए रेप के आरोप को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख तक जांच पूरी करने को कहा है। अगली तारीख 23 अक्टूबर की निश्चित कर दी है। दिल्ली पुलिस के पास अब 18 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

पवनखेड़ा को आपराधिक मुकदमे से राहत नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को पीएम नरेंद्र मोदी के नाम को लेकर फरवरी 2023 में की गई टिप्पणी से जुड़ा आपराधिक मामले में पवन खेड़ा को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से कोई अंतिम राहत नहीं मिली है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम इसे किसी और दिन लिस्ट करेंगे।

वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन तेज

10 अक्टूबर से शुरू होगा 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

नई दिल्ली

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कांग्रेस ने अपने आंदोलन को और व्यापक बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को कहा कि पार्टी अगले करीब दो महीनों तक देशभर में चरणबद्ध तरीके से विरोध-प्रदर्शन, पदयात्राएं, गांव चौपाल और जनसभाएं आयोजित करेगी। अभियान का मुख्य नारा 'वोट बचाओ-देश बचाओ' होगा। वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कथित मतदाता सूची अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन को बूथ और गांव स्तर तक ले जाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही प्रक्रिया के जरिए बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम प्रभावित किए जा रहे हैं। पार्टी इसे 'वोट चोरी' की व्यापक कवायद बता रही है। हालांकि चुनाव आयोग और भाजपा इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं और एसआईआर को मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बनाने की प्रक्रिया बताते हैं।

10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर मार्च

वेणुगोपाल ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण की शुरुआत 10 अक्टूबर से होगी। 10 से 20 अक्टूबर के बीच देशभर में ब्लॉक स्तर पर मार्च निकाले जाएंगे। इन मार्चों का समापन संबंधित एसडीएम कार्यालयों पर किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता इन प्रदर्शनों के माध्यम से मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को स्थानीय प्रशासन के समक्ष उठाएंगे।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांव-गांव चौपाल

अभियान का अगला और व्यापक चरण 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान देश के गांवों में 'गांव चौपाल' आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस का कहना है कि इन चौपालों में ग्रामीणों को पार्टी द्वारा लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

पार्टी ने गांवों के स्थानीय नेताओं और प्रमुख लोगों को भी इन चौपालों में आमंत्रित करने की योजना बनाई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर उन मतदाताओं की पहचान करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिनके नाम पार्टी के अनुसार अनुचित तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

'वोट रक्षक' करेंगे मतदाताओं की मदद

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट इस अभियान में 'वोट रक्षक' की भूमिका निभाएंगे। उनका काम कथित तौर पर हटाए गए मतदाताओं की पहचान करना और उनके नाम दोबारा मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया में मदद करना होगा। कांग्रेस इस अभियान को संगठनात्मक स्तर पर बूथ तक ले जाने

1 नवंबर को रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की महारैली

कांग्रेस ने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली आयोजित करने की भी घोषणा की है। पार्टी की योजना विपक्षी दलों को इसमें शामिल करने की है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह आंदोलन के सबसे बड़े राजनीतिक कार्यक्रमों में से एक होगा। कांग्रेस का यह कार्यक्रम विपक्षी दलों द्वारा पहले घोषित किए गए 'सेव डेमोक्रेसी' अभियान के साथ भी जुड़ा हुआ है। इंडिया ब्लॉक ने इससे पहले 2 से 8 अक्टूबर तक जिला स्तर पर लोकतंत्र बचाओ मार्च और 6 अक्टूबर को संसद से चुनाव आयोग तक मार्च का कार्यक्रम घोषित किया था।

25-26 नवंबर को 'दिल्ली चलो' अभियान

अभियान का अंतिम बड़ा चरण 25 और 26 नवंबर को होगा। कांग्रेस ने इस दौरान 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। पार्टी के अनुसार विभिन्न स्थानों से वाहन रैलियां और यात्राएं दिल्ली पहुंचेंगी और 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राजधानी में बड़ा कार्यक्रम होगा।

'ज्ञानेश कुमार को हटाने तक जारी रहेगा संघर्ष'

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस का आंदोलन केवल कुछ दिनों का कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं किए जाते।कांग्रेस ने हाल के दिनों में एसआईआर, मतदाता सूची में नामों के कथित विलोपन और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग पर लगातार निशाना साधा है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच, 5 अक्टूबर को कांग्रेस की घोषणा के साथ 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को देशव्यापी राजनीतिक आंदोलन का रूप देने की तैयारी तेज हो गई है। आने वाले सप्ताहों में ब्लॉक, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के कार्यक्रमों के साथ इंडिया ब्लॉक के साझा कार्यक्रम भी देखने को मिल सकते हैं।

दिल्ली की संगठनात्मक बैठक में फैसला

चुनावी प्रक्रिया पर कांग्रेस की बड़ी तैयारी, देश भर में होगा हल्ला बोल

नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग को लेकर जारी सियासी टकराव के बीच कांग्रेस ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में पार्टी के शीर्ष संगठनात्मक नेताओं की अहम बैठक की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत पार्टी के महासचिवों, राज्यों के प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों और फ्रंटल संगठनों के राष्ट्रीय प्रमुखों ने हिस्सा लिया। बैठक ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस ने कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर देशव्यापी राजनीतिक अभियान तेज कर दिया है। बैठक से पहले ही पार्टी की ओर से संकेत दिए गए थे कि इसमें मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के साथ-साथ संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर राज्यों के नेताओं से फीडबैक लिया जाएगा।

सीईसी के खिलाफ आंदोलन को धार देने की रणनीति

बैठक का सबसे अहम राजनीतिक संदर्भ निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस का अभियान रहा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद कहा कि पार्टी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ देशव्यापी आंदोलन को तेज करेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं किए जाते। कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर मतदाता सूची में नाम हटाए जाने, चुनावी प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि मतदाता सूची से किसी भी पात्र नागरिक का नाम हटने की स्थिति में प्रभावी अपील व्यवस्था होनी चाहिए। कांग्रेस ने भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची के इस्तेमाल और चुनावी प्रक्रिया में बैलेट पेपर की वापसी की भी मांग उठाई है।

राज्यों से लिया गया फीडबैक

इंदिरा भवन में हुई बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश इकाइयों के साथ समन्वय और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने पर भी चर्चा की। कांग्रेस पहले भी संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत राज्यों में जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की प्रक्रिया चला चुकी है। मार्च में हुई एक संगठनात्मक समीक्षा में जिला कांग्रेस समितियों के गठन, ब्लॉक समितियों और बूथ स्तर की इकाइयों को मजबूत करने तथा सभी सामाजिक वर्गों को संगठन में प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया गया था। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से हाल के दिनों में लगातार संगठनात्मक बैठकें की जा रही हैं। 15 सितंबर को राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने एआईसीसी सचिवों के साथ बैठक कर संगठनात्मक मामलों पर चर्चा की थी। अब महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों को एक साथ बुलाकर राज्यों की राजनीतिक स्थिति और संगठन की तैयारियों की समीक्षा को पार्टी की आगे की रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एसआईआर पर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक संग्राम, 'सीईसी' पर कांग्रेस का बड़ा हमला

नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों का विरोध सोमवार को संसद परिसर से सड़क तक दिखाई दिया। विपक्षी सांसदों ने एसआईआर की प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ मार्च निकालकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मतदाता अधिकारों की रक्षा की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जा रहे हैं और प्रक्रिया में पर्याप्त उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यह विरोध ऐसे समय हुआ है जब निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि हालिया घटनाक्रम ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐसी याचिका पर सुनवाई की, जिसमें अन्य मांगों के साथ सीईसी ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि हाल में सामने आए गंभीर खुलासों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के पास चुनाव आयोग जैसी लोकतंत्र की बुनियादी संस्था में जनता का भरोसा बहाल करने का एक असाधारण अवसर है।

रमेश ने एसआईआर की प्रक्रिया को 'कामचलाऊ, गैरकानूनी और लापरवाह' बताते हुए आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा और सेवानिवृत्त दोनों जजों की ओर से इस प्रक्रिया की आलोचना की गई है। उन्होंने दावा किया कि पर्याप्त उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना बड़े पैमाने पर और अंधाधुंध मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिनमें कई नाम स्पष्ट रूप से गलत तरीके से हटाए गए। हालांकि, जयराम रमेश ने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया है। उनके अनुसार, कोर्ट ने मामले में जवाब मांगा है। रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अतीत में निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर भरोसा किया है कि वे संस्था के संचालन के संबंध में निष्पक्ष और सही जानकारी देंगे।

उन्होंने कहा कि यह भरोसा दशकों के अनुशासित, मर्यादित और सक्षम कामकाज से बनी संस्थागत साख पर आधारित रहा है, जिसकी शुरुआत देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त दिवंगत सुकुमार सेन से हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुकुमार सेन ने देश में चुनाव कराने की व्यवस्था के लिए एक मानक स्थापित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस विरासत से बनी साख का दावा मौजूदा सीईसी ज्ञानेश कुमार नहीं कर सकते।

फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर सीधे निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म-6 में 'दुर्भावनापूर्ण बदलाव' किया गया और शुरुआत में ऐसा संकेत दिया गया कि इस बदलाव को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी हासिल है। रमेश ने इसे मुख्य चुनाव आयुक्त के 'छलपूर्ण आचरण' का गंभीर उदाहरण बताया और कहा कि इसका किसी भी तरह बचाव नहीं किया जा सकता। रमेश ने आरोप लगाया कि सीईसी ने न केवल गलत जानकारी दी, बल्कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारे पर कानून का उल्लंघन किया तथा संविधान की भावना और उसके शब्दों के साथ विश्वासघात किया। हालांकि, ये सभी आरोप कांग्रेस नेता की ओर से लगाए गए हैं और इन पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है।

एसआईआर और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष लगातार सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव बना रहा है। सोमवार का विपक्षी सांसदों का मार्च इसी विरोध की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। विपक्ष की मांग है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो, किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया के न हटाया जाए और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब दिया जाए।

केंद्र ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार, विदेशी निवेशक निकाल रहे भारतीय बाजार से पैसा: कांग्रेस

शक्ति सिंह गोहिल ने कहा- बीते नौ महीनों में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से 4 लाख करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली

बीते नौ महीनों में ही विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से चार लाख करोड़ रुपये निकाले जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। पार्टी ने विदेशी निवेशकों द्वारा इतनी भारी मात्रा में पैसे निकालने, देश में छाए आर्थिक संकट, रुपये की गिरती कीमत, महंगे पेट्रोल-डीजल और शेयर बाजार में भारी गिरावट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा। पार्टी ने लोगों पर कर्ज के बढ़ते बोझ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने हाल ही में कर्ज के चलते नोएडा में एक युवक की आत्महत्या का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश का हर वर्ग भुगत रहा है। सरकार को सिर्फ भ्रष्टाचार एवं चंद पूंजीपतियों की ही चिंता है। इसीलिए भारतीय बाजार में पूंजी लगाने वाले विदेशी संस्थागत निवेशक भारत से पैसा निकाल रहे हैं।

तीन दिन में निकाले 29,000 करोड़ रुपये

आंकड़ों का हवाला देते हुए गोहिल ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2026 तक हर महीने विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का रुझान रहा और इस अवधि में 4.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी भारतीय बाजार से बाहर गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा सिलसिला देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि एनएसई में लिस्टेड कंपनियों से 14.7 से 15.8 प्रतिशत पूंजी निकल गई। 29 सितंबर, 30 सितंबर और 01 अक्टूबर के तीन दिनों में ही विदेशी निवेशकों ने 29,000 करोड़ रुपये की अपनी बिकवाली की है।

सेंसेक्स 85 हजार से गिरकर 72,500 के स्तर पर

गोहिल ने शेयर बाजार में गिरावट का जिक्र करते हुए कहा कि सितंबर 2024 में सेंसेक्स करीब 85 हजार के स्तर पर था, जबकि सितंबर 2026 के अंत में यह करीब 72,500 के स्तर पर आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुराने बयानों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लोगों से शेयर बाजार में निवेश करने की अपील की थी। उस समय इन बातों पर भरोसा करके जिन मध्यम वर्गीय लोगों ने शेयर बाजार में निवेश किया, उन्हें अब नुकसान उठाना पड़ रहा है और टैक्स भी देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 13 करोड़ से अधिक लोगों को हुए भारी नुकसान की जिम्मेदारी मोदी स्वीकार करें।

यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 398 प्रतिशत बढ़ा था

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि यूपीए शासन के दौरान पूरे विश्व में आर्थिक मंदी आई थी, लेकिन सरकार ने इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ने दिया था, बल्कि यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 398 प्रतिशत बढ़ा था। 2004 में यूपीए सरकार ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स शून्य कर दिया था, जिससे मध्य वर्ग को राहत मिली। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इसे 12.5 प्रतिशत और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत कर दिया है। साथ में सेक्युरिटीज ट्रांसैक्शन टैक्स भी लगता है। उन्होंने 1991 के आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए यह भी याद दिलाया कि तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने विदेशी संस्थागत निवेश के लिए भारतीय बाजार खोले, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

आज इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी महंगा है

गोहिल ने भारतीय रुपये के कमजोर होकर प्रति डॉलर लगभग 100 रुपये होने पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी के पुराने वीडियो दिखाए, जिनमें उन्होंने इसी मुद्दे पर यूपीए सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने आगे कहा कि यूपीए शासन में कच्चे तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल होने पर भी पेट्रोल-डीजल इतना महंगा नहीं हुआ, जबकि आज इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी महंगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और रोजगार की कमी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी समस्याओं ने युवाओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

रुपये के लगातार गिरने पर मोदी चुप क्यों?

गोहिल ने पूछा कि रुपये के लगातार गिरने पर मोदी चुप क्यों हैं। उन्होंने मोदी सरकार से जवाब मांगा कि विदेशी निवेशक हर दिन भारतीय बाजार से पैसे निकालकर क्यों जा रहे हैं? लगातार नौ महीने से विदेशी संस्थागत निवेशकों में बिकवाली और नकारात्मक रुझान क्यों बना हुआ है? पेट्रोल-डीजल इतना महंगा क्यों है? गोहिल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मोदी सरकार की मिलीभगत का भी जिक्र किया। उन्होंने जस्टिस (सेवानिवृत्त) नरीमन और जस्टिस भुइयां द्वारा लाखों मतदाताओं के वोट के अधिकार से वंचित होने को लेकर जताई गई चिंता का हवाला दिया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415